दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 08 जून-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 169 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने दी बकरीद की बधाई

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी देशवासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी

नई दिल्ली: देश में आज ईद-उल-अजहा (बकरीद) मनाया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों और ईदगाहों में जाकर नमाज अदा की और एक-दूसरे के गले लगकर बधाई दी। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा कई अन्य नेताओं ने भी ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं दी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, बसपा प्रमुख मायावती और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी मुबारकबाद पेश की है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स हैंडल पर कहा कि 'ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। यह त्योहार बलिदान, आस्था तथा अनेक आदर्शों के महत्व को समझाता है। आइए, इस शुभ अवसर पर हम सब मिलकर समाज और देश के लिए समर्पण की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लें'।

वहीं, पीएम मोदी ने भी सोशल मीडिया पर लिखे पोस्ट में कहा,' ईद-उल-अजहा की हार्दिक शुभकामनाएं। यह अवसर सद्भाव को प्रेरित करे और हमारे समाज में शांति के ताने-बाने को मजबूत करे। सभी के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करता हूं'।

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी देशवासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं सभी को ईद की बहुत-बहुत मुबारकबाद पेश करता हूं।

यूपी में पूर्व अग्निवीरों को मिला तोहफा, नौकरियों में 20% आरक्षण का आदेश जारी किया

लखनऊ। पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का शासनादेश शुक्रवार को जारी कर दिया गया। उप्र पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार व फायरमैन की भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद की ओर से जारी किए गए आदेश में उन्हें अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट भी प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अग्निवीर के रूप में चार वर्ष की सेवा देने वाले वालों को यह लाभ दिया जाएगा।

आपको बात दें कि योगी कैबिनेट ने मंगलवार को राज्य की पुलिस भर्ती में

पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। इसके बाद अब गृह विभाग ने 20% आरक्षण का आदेश जारी कर दिया है। यह फैसला लागू करने वाला यूपी देश में पहला राज्य बन गया है।

इस निर्णय का उद्देश्य अग्निपथ योजना के तहत चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को सार्थक अवसर देना है। आरक्षण सभी श्रेणियों (सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी) पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा। वहीं, अगर ओबीसी है तो ओबीसी के भीतर होगा। आरक्षी पुलिस, आरक्षी पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन जैसी श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। अग्निवीर उन्हें ही माना जाएगा जो चार साल की सेवा पूरी कर चुके होंगे। इनकी यूपी का मूल निवासी होने की शर्त रहेगी।

इस प्रणाली के तहत भर्ती का पहला बैच 2026 में आएगा। कई राज्यों और केंद्रीय बलों ने अग्निवीरों को आरक्षण देने की पहल की हैं। हरियाणा व ओडिशा जैसे राज्यों ने पूर्व अग्निवीरों को 10% आरक्षण की पेशकश की है।

पद से हटने के बाद बसपा के जिलाध्यक्ष क्यों नाप लेते हैं पार्टी के कार्यक्रम और दफ्तर से दूरी

वो समीक्षा बैठक में भी नहीं शामिल होते और पार्टी मुखिया के बर्थडे में भी नहीं पहुंचते

गाजियाबाद करंट क्राइम। एक तरफ जहां अन्य चुनावी दल 2027 के चुनावी रण की तैयारी में लग गये हैं। वहीं तेजी से सियासी हाशिये की तरफ जा रही बसपा को एक बड़ी निराशा अपने ही पूर्व जिलाध्यक्षों से मिल रही है।

बताया जाता है कि पद से हटते ही बसपा के जिलाध्यक्ष फिर अपना एक अलग ही सियासी कक्ष तैयार करते हैं। वो पार्टी के दफ्तर का रास्ता भूल जाते हैं। पार्टी के कार्यक्रमों से दूरी बना लेते हैं और पार्टी के कार्यक्रमों में नहीं आते हैं। ऐसे अध्यक्षों की रिपोर्ट बसपा के राष्ट्रीय चीफ कोर्डिनेटर आकाश आनंद के पास पहुंची है और बताया जाता है कि आकाश आनंद ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए मंडल प्रभारियों को पूर्व अध्यक्षों से बातचीत कर उनका पक्ष जानने के निर्देश दिये हैं।

पूर्व जिलाध्यक्षों को देते हैं जानकारी, मगर वो नहीं आते : नरेन्द्र मोहित

करंट क्राइम। पार्टी की ओर से इन पूर्व अध्यक्षों को पद और मान सम्मान दिया गया है लेकिन जब पार्टी को इनकी जरूरत है तो वे पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने कहा कि सभी पूर्व जिलाध्यक्षों को सभी बडे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई लेकिन वे किसी भी कार्यक्रम या मासिक बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। पार्टी अध्यक्ष मायावती के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम और बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भी नहीं आए। इसकी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष तक भेजी गई है।

सूत्रों के अनुसार, पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद प्रधान, वीरेंद्र जाटव और प्रदीप जाटव समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारियों की गैरमौजूदगी पर कार्यकताओं ने रोष व्यक्त किया है। कार्यकताओं का कहना है कि इन सभी नेताओं की पहचान ही बसपा के कारण बनी है और अब ये पार्टी के कार्यक्रमों से बिमुख हो रहे हैं।

राम प्रसाद प्रधान, वीरेन्द्र जाटव और प्रदीप जाटव के नाम हैं शामिल बैठकों में ना शामिल होने वालों में

करंट क्राइम। जानकारी के अनुसार, बसपा के पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद प्रधान, वीरेंद्र जाटव, प्रदीप जाटव और कई वरिष्ठ नेता ना तो जिलाध्यक्षों की बैठकों में शामिल हो रहे हैं और ना ही पार्टी की ओर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। पार्टी अध्यक्ष मायावती के जन्मदिन के कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हुए। बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर भी पूर्व अध्यक्षों ने कार्यक्रमों का बायकाट किया। पार्टी के बड़े पदाधिकारियों ने इन वरिष्ठ नेताओं के गैर मौजूद रहने को गंभीरता से लिया। मेरठ मंडल की ओर से पिछले दिनों धौलाना में छह जिलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इन बैठकों में पूर्व जिलाध्यक्षों को भी शामिल होना था लेकिन वे बैठकों शामिल नहीं हुए। पार्टी कार्यकताओं का कहना है कि विधानसभा चुनाव-2027 के लिए पार्टी को मजबूत करने का काम किया जा रहा है, ऐसे में पूर्व जिलाध्यक्षों की गैर मौजूदगी से तैयारियों को झटका लग सकता है। विधानसभा चुनाव के बाद से ही पूर्व जिलाध्यक्ष पार्टी कार्यक्रमों से नदारद रहने लगे हैं।

लोकसभा से साफ और तेजी से घट रहा है ग्राफ

करंट क्राइम। यदि बसपा की बात करें तो वो गाजियाबाद में एक बड़ा जनाधार रखती है। एक दौर था जब उसके पांच विधायक यहां चुनाव जीतते हैं। एक दौर था जब जिला पंचायत सदस्य में उसके पांच सदस्य चुनाव थे। एक दौर था जब निगम में उसके पार्षद हुआ करते थे। वो गाजियाबाद में सबसे बड़े वोट बैंक डीएम के साथ है। दलित उसका कैडर वोट है और मुस्लिम वोट उसे सपोर्ट करता है। लेकिन अब बसपा का तेजी से ग्राफ घट रहा है। बसपा मेयर चुनाव में चौथे नंबर पर आई। वो विधानसभा उपचुनाव में भी पिछड़ गई। आज स्थिति ये है कि लोकसभा में बसपा का एक भी सांसद नहीं है। उत्तर प्रदेश की इतनी बड़ी विधानसभा में बसपा का केवल एक विधायक है। नगर निगम में इसके पार्षद घट गये हैं। जहां तक बात पार्टी कार्यक्रमों में पूर्व जिलाध्यक्षों की दूरी की है तो यहां कोई मजबूरी हो सकती है, कोई कारण हो सकता है। लेकिन बसपा के ही सूत्र बताते हैं कि ताली दोनों हाथ से बजी है। ऐसे ही कोई पार्टी छोड कर नहीं गया और कोई ऐसे ही नहीं दूरी बना रहा है। उनका कहना है कि मौजूदा संगठन कैडर कैंपों में कितनी ताकत लगा रहा है। वो सैक्टर कमेटी तो बना रहा है मगर समर्पित कार्यकर्ताओं को कहां समायोजित कर रहा है। मिशन की बात अब क्यों नहीं होती है। उनका कहना है कि ना तो बसपा का कैडर वोट छिटका है और ना ही उसके नेताओं की निष्ठा कम हुई है। यहां पार्टी को केवल एक बार समीक्षा करने की जरूरत है और पुराने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा तो अपने आप पार्टी का वोटबैंक बढ़ जायेगा।

जनता का समर्थन नहीं मिलता इसलिए लोकतंत्र पर कर रहे हमला, राहुल के फिक्सिंग वाले आरोप पर बीजेजी हमलावर

नई दिल्ली । राहुल गांधी ने हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा पर लोकतंत्र की चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने इसे मैच फिक्सिंग बताया और कहा कि ऐसा ही बिहार में भी होने वाला है।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 को मैच फिक्सिंग बताए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने करारा हमला बोला है। मामले में भाजपा की तरफ से कहा गया है कि 'उन्हें जनता का समर्थन नहीं मिलता इसलिए लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं

राहुल गांधी का मकसद अराजकता फैलाना है- मालवीय भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी को चुनावी प्रक्रिया की अच्छी समझ है, लेकिन उनका मकसद स्पष्टता नहीं, बल्कि अराजकता फैलाना है। वे जानबूझकर लोगों के मन में लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर संदेह पैदा कर रहे हैं।' मालवीय ने आगे कहा, 'जब कांग्रेस चुनाव जीतती है – जैसे कर्नाटक या तेलंगाना में – तब वही चुनावी व्यवस्था 'न्यायपूर्ण' लगती है। लेकिन जब वे हरियाणा या महाराष्ट्र में हारते हैं, तो साजिश की थ्योरी शुरू हो जाती है।

राहुल जानते हैं कि उन्हें बिहार में हार मिलने वाली है' वहीं इस पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, 'राहुल गांधी जानते हैं कि उन्हें बिहार में हार मिलने वाली है, इसलिए उन्होंने पहले से ही चुनावों की प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा करना शुरू कर दिया है।' उन्होंने राहुल गांधी को लोकतंत्र विरोधी करार दिया। राहुल गांधी ने एक लेख 'महाराष्ट्र में मैच फिक्सिंग' के जरिए चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया और इसे एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र में चुनाव कैसे चुराया गया? यह लोकतंत्र को तोड़ने की पूरी योजना थी।'

भाजपा ने राहुल के आरोपों को झूठ और प्रचार का हिस्सा बताया। प्रदीप भंडारी ने कहा कि राहुल ने जनवरी में एक करोड़ फर्जी वोटर की बात की, फिर फरवरी में आंकड़ा 70 लाख और बाद में 39 लाख तक घट गया। 'अगर कांग्रेस को सच में ईवीएम पर शक था, तो उनके उम्मीदवारों ने कानूनी प्रक्रिया – फॉर्म 17उ – के जरिए शिकायत क्यों नहीं की?' भाजपा का कहना है कि यह आरोप सिर्फ एक कहानी गढ़ने की लड़ाई है, न कि कोई सबूतों पर आधारित सच्चाई।

पाकिस्तान बूंद-बूंद पानी को तरसेगा, भारत में 200 किमी की नहर, 12 किमी लंबी सुरंग परियोजना

नई दिल्ली । सीमा पार आतंक से स्थायी तौर पर मुक्ति के लिए भारत ने पाकिस्तान पर जल प्रहार की लंबी रणनीति तैयार की है। सिंधु जल समझौता स्थगित करने के बाद भारत की तैयारी अब पाकिस्तान को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाने की है। इसके तहत सिंधु, सतलज और ब्यास नदियों के पानी का उपयोग अपने भूभाग तक सीमित रखने की योजना बनाई गई है।

सिंधु नदी को रावी-ब्यास नदियों से जोड़ते हुए सतलज के जरिए पंजाब के हरिके बैराज तक पानी लाया जाएगा। करीब 200 किमी की नहर परियोजना में 12 बड़ी सुरंगें बनाने और इसके जरिए हासिल पानी को इंदिरा गांधी नहर और राजस्थान की गंगा नहर सहित कुछ अन्य नहरों से जोड़ते हुए यमुना नदी से मिलाने की है।

सूत्रों के मुताबिक विस्तारित योजना में इन नदियों की धारा को यमुना से जोड़ा जाएगा। इसके शुरूआती चरण में पंजाब के सरहिंद फीडर, हरियाणा में राजस्थान फीडर के साथ इंदिरा गांधी नहर के साथ गंगा नहर की क्षमता बढ़ाने, गाद निकालने और लीकेज रोकने का काम पूरा किया जा रहा है। परियोजना को पूरा होने में दो से तीन साल का समय लगेगा। इससे यमुना को भी नया जीवन मिलेगा।

चार बार गुहार लगा चुका पाकिस्तान

पाकिस्तान सिंधु जल संधि बहाल करने के लिए भारत के सामने एकबार फिर गिड़गिड़ाया है। उसने संधि बहाल करने के लिए भारत को चौथा पत्र लिखा है। भारत ने पहले ही साफ कर दिया है कि व्यापार व आतंक साथ नहीं चलेगा। भारत ने पाकिस्तान पर संधि की शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

सिंधु नदी के पानी को डायवर्ट कर रावी और ब्यास नदियों को जोड़ते हुए सतलज नदी के जरिए इसे हरिके बैराज तक लाया जाएगा। इसी क्रम में हरिके बैराज के समानांतर करीब 200 किमी की नहर बनेगी। बाद में इन दोनों नहरों को अलग-अलग राजस्थान के गंगा नगर सहित कई अन्य नहरों के साथ यमुना से जोड़ा जाएगा।

11 की मौत होने के बाद भी डोसा खाने हम गए शिवकुमार के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

बंगलूरू: बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ मामले की जांच सीआईडी ने संभाल ली है। मामले पर जमकर राजनीति भी हो रही है। भाजपा राज्य की कांग्रेस सरकार पर लापरवाही और श्रेय लेने के लिए हड़बड़ी दिखाने का आरोप लगा रही है तो सिद्धारमैया की सरकार विपक्ष पर फिजूल की सियासत करने की बात कह रही है। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा था कि विपक्ष मामले को राजनीतिक रूप दे रहा है।

भाजपा नेता सीटी रवि ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान पर कहा, '11 लोगों की मृत्यु हुई, उसके बारे में सच बोलना क्या राजनीति है? 11 नागरिकों की मृत्यु होने के बाद भी डोसा खाने हम गए थे क्या? इसकी जिम्मेदारी आपकी है, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की है। आप लोगों ने राजनीतिक श्रेय लेने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। 11 लोगों की मृत्यु के पीछे आपका 'क्रेडिट वॉर' है। आपकी जिम्मेदारी बनती है।' जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा, 'सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार की कर्नाटक सरकार ने लाशों के अंबार लगा दिए जिससे और लोगों को इस पर राजनीति करने का मौका मिला।' कर्नाटक के उप-नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक अरविंद बेलाड ने कहा, 'कर्नाटक में हुई इस बड़ी अनहोनी में आम नागरिक घायल हुए और 11 लोगों की जान चली गई। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार दो अपराधी हैं, क्योंकि वे सेल्फी लेना चाहते थे और आरसीबी खिलाड़ियों के साथ जीत का जश्न मनाना चाहते थे, इसलिए पुलिस और अधिकारियों का पूरा ध्यान उन पर था। वे मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को सुरक्षा देने में व्यस्त थे, जबकि स्टेडियम में जमा भीड़ को अकेला छोड़ दिया गया। कोई पुलिस सुरक्षा नहीं थी। सभी पुलिस अधिकारी मुख्यमंत्री और उनके परिवार की सुरक्षा में व्यस्त थे। सिद्धारमैया को इस्तीफा दे देना चाहिए।'

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से आईपीएल का खिताब जीतने के बाद बंगलूरू में जश्न मनाया जा रहा था। इस दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी।

निराधार आरोप कानून के शासन का अपमान, महाराष्ट्र चुनाव को लेकर राहुल के दावों पर निर्वाचन आयोग का बयान

नई दिल्ली । महाराष्ट्र चुनाव को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। निर्वाचन आयोग ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया और इसे कानून के शासन का अपमान बताया। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अपमान हैं। चुनाव आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।' चुनाव आयोग ने कहा कि

किसी की ओर से फैलाई जा रही कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है, बल्कि अपने ही राजनीतिक दल की ओर से नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की छवि भी धूमिल करती है। यह लाखों चुनाव कर्मचारियों का मनोबल गिराती है, जो चुनाव के दौरान अथक और पारदर्शी तरीके से काम करते हैं। मतदाताओं की ओर से किसी भी प्रतिकूल फैसले के बाद यह कहकर चुनाव आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना पूरी तरह से बेतुका है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के दौरान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केंद्र पर पहुंचे 6,40,87,588 मतदाताओं ने मतदान किया। औसतन प्रति घंटे लगभग 58 लाख वोट डाले गए। इन औसत रुझानों के अनुसार, लगभग 116 लाख मतदाताओं ने अंतिम दो घंटों में मतदान किया होगा। इसलिए दो घंटों में मतदाताओं की ओर से 65 लाख वोट डालना औसत प्रति घंटे मतदान रुझानों से बहुत कम है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों की ओर से औपचारिक रूप से नियुक्त एजेंटों के सामने मतदान आगे बढ़ा। कांग्रेस के नामित उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों ने अगले दिन रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और चुनाव पर्यवेक्षकों के सामने जांच के समय किसी भी तरह के असामान्य मतदान के संबंध में कोई आरोप नहीं लगाया।

सीएम भूपेंद्र पटेल ने राजकोट को दी 557 करोड़ की सौगात

विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

गांधीनगर । मुख्यमंत्री ने पिछले दो दशकों की राजकोट की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 20 वर्षों में अटल सरोवर, एम्स, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, विभिन्न फ्लाईओवर सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं के माध्यम से राजकोट की भी कायापलट हुई है और शहर के निवासियों की खुशहाली बढ़ी है। राजकोट में आज नवनिर्मित आर्ट गैलरी सहित करोड़ों रुपये के विकास कार्य, राज्य सरकार की शहरजनों की सुगमता और खुशहाली बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज के 352वें राज्याभिषेक दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज ने सुशासन की स्थापना की थी। जनकल्याण, सुरक्षा और युद्ध का श्रेष्ठतम मॉडल विकसित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास की राजनीति शुरू कर 'नागरिक देवो भवः' की भावना के साथ पिछले 11 वर्षों के सुशासन में विकास का लाभ छोटे से छोटे व्यक्ति तक पहुंचाकर सुशासन का मॉडल स्थापित किया है। प्रधानमंत्री के बताए मार्ग पर चलते हुए आज राजकोट को 557.18 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की भेंट मिल रही है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में 3.40 लाख परिवारों ने सोलर रूफटॉप लगाए हैं। इसमें से लोगों ने 58 प्रतिशत बिजली का उपयोग घरेलू उपयोग के लिए और 42 प्रतिशत बिजली का उपयोग सरकार को बेचकर कमाते के लिए किया। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोलर योजना का लाभ किसानों को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के 98 प्रतिशत किसानों को पूरा दिन बिजली मिल रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सौराष्ट्र के प्रत्येक गांव तक सौनी योजना के माध्यम से पानी पहुंचाया है। आज, बिजली, पानी और उत्तम रोड कनेक्टिविटी की उपलब्धता के कारण राजकोट सहित पूरे सौराष्ट्र में उद्योग और व्यवसाय तेजी से विकसित हुए हैं। राजकोट जिले में आज शुरू हो रहे 112 करोड़ रुपये के रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यों से जिले के उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और नागरिकों को परिवहन के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं मिलेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात के शहरीकरण को व्यवस्थित और नियोजित बनाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2005 में पहली बार शहरी विकास वर्ष मनाने की शुरूआत की थी। जिसके माध्यम से गुजरात के शहरीकरण को एक नई दिशा मिली है। शहरी विकास वर्ष के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुजरात सरकार ने वर्ल्ड क्लास सिटीज विकसित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025 को शहरी विकास वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने स्वामी ऑडिटोरियम में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरी विकास वर्ष के अंतर्गत राजकोट शहर और जिले में बहुत अच्छे विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आज जिन विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा, उनसे राजकोट शहर और जिले के नागरिकों की 'ईज ऑफ लिविंग' बढ़ेगी

असम में सामान्य हो रहे हालात, घटने लगा नदियों का जलस्तर, सिक्किम में 'राहत' लेकर पहुंचा हेलीकॉप्टर

गंगटोक । मानसूनी बारिश का कहर झेल रहे पूर्वोत्तर राज्यों में अब हालात सामान्य हो रहे हैं। बाढ़ की विभीषिका का सामना कर रहे असम में भी अब स्थिति सुधर रही है। खतरे के निशान को पार चुकी ब्रह्मपुत्र समेत तमाम नदियों का जलस्तर भी अब घटने लगा है। तमाम जिलों में बारिश कम हो गई है। वहीं भूस्खलन प्रभावित सिक्किम के चट्टन में सेना का हेलीकॉप्टर 1300 किलो राहत सामग्री लेकर पहुंचा।

पूर्वोत्तर राज्यों में मानसूनी बारिश ने कहर बरपाया है। बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से 19 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि सात लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। असम की बात करें तो यहां अब हालात सुधर रहे हैं। बारिश कम होने से ब्रह्मपुत्र समेत प्रमुख नदियों का जलस्तर घटने लगा है। हालांकि, राज्य के 18 जिलों में चार लाख से अधिक लोग अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं।

अधिकारियों ने बताया कि ब्रह्मपुत्र धुबरी में, कोपिली धरमतुल में, बराक नदी हैलाकांडी के काटाखल में और कुशियारा श्रीभूमि में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। यहां कामरूप (मेट्रो) जिले में एक व्यक्ति लापता हो गयाहै। वहीं गुवाहाटी के रूपनगर इलाके में शनिवार सुबह भूस्खलन हुआ और एक व्यक्ति के लापता होने की खबर है।

1296 गांव हुए प्रभावित अफसरों ने बताया कि प्रदेश में बाढ़ से 18 जिलों के 54 राजस्व सर्किलों के 1296 गांव प्रभावित हुए हैं। वहीं 16,558.59 हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न है इसके अलावा 2,96,765 पशु प्रभावित हैं। वहीं 40,313 से अधिक विस्थापित लोग 328 राहत शिविरों में हैं। जबकि 1,19,001 प्रभावित लोगों को प्रभावित जिलों में स्थापित वितरण केंद्रों पर राहत प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा दूसरी बार बराक घाटी पहुंचे। उन्होंने लोगों को समय पर पुनर्वास अनुदान देने का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि दुर्गा पूजा उत्सव से पहले सड़कों के क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मरम्मत कर दी जाएगी।

प्राकृतिक आपदाएं जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा रहीं, वैश्विक सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली । साथ ही मैं आगामी संयुक्त राष्ट्र समुद्री सम्मेलन के लिए भी अपनी शुभकामनाएं देता हूं।'

छोटे समुद्री देशों पर ध्यान देने की जरूरत'

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मुझे खुशी है कि अफ्रीकी संघ भी आपदा रोधी अवसंरचना सम्मेलन में शामिल हुआ है। हमें ऐसे कार्यक्रम डिजाइन करने चाहिए, जिन पर कार्रवाई हो सके और यह विकासशील देशों को वित्तीय मदद मिलना सुनिश्चित हो सके। छोटे समुद्री देशों पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। चेतावनी सिस्टम को मजबूत करने और समन्वय स्थापित करना अहम है। इससे समय पर फैसले लेने में मदद मिलेगी। मुझे उम्मीद है कि सम्मेलन में इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी।'

पीएम मोदी ने कहा कि 'तटीय इलाके और द्वीप प्राकृतिक आपदा के लिए बेहद संवेदनशील हैं। दुनियाभर में हाल के दिनों में टाइफून और चक्रवाती तूफान आए हैं। इनमें भारत और बांग्लादेश के चक्रवाती तूफान, कैरेबियाई देशों में तूफान, दक्षिण पूर्व एशिया में आया टाइफून यागी, अमेरिका में आया तूफान हेलेन और फिलीपिंस और पेराग्वे के चक्रवाती तूफान शामिल हैं। ऐसी आपदाएं जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाती हैं।' 'बढ़ता तापमान वैश्विक खतरा' प्रधानमंत्री मोदी के मुख्य सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने जिनेवा में बढ़ते तापमान के खतरों पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि बढ़ता तापमान एक वैश्विक संकट बन गया है और इससे निपटने के लिए तुरंत कदम उठाने जरूरी हैं। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में पीके मिश्रा ने कहा कि लगातार बढ़ रहा तापमान सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है। इससे आर्थिक स्थिरता, पर्यावरण रोधी व्यवस्था पर संकट बढ़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आपदा रोधी अवसंरचना 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'यह सम्मेलन पहली बार यूरोप में हो रहा है। मैं फ्रांस के राष्ट्रपति और फ्रांस की सरकार को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 ● नई दिल्ली। रविवार 08 जून -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

कड़ी सुरक्षा के बीच अमन-चैन से मनाया गया बकरीद का त्यौहार

लोनी में मुस्लिम परिवारों ने मनाई इको फ्रेंडली ईद

देश की तरक्की के लिए उठे हाथ

गाजियाबाद ,करंट क्राइम : शनिवार को गाजियाबाद में ईद उल अजहा यानी बकरीद का त्यौहार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अमन, चैन और खुशहाली के बीच मनाया गया। सुबह से ही गाजियाबाद के मसूरी, खोड़ा, साहिबाबाद, लिंक रोड, पसौंडा, अर्थला, मुरादनगर, मोदी नगर, लोनी, लिंक रोड, साहिबाबाद, विजयनगर और कैलाभट्टा में सुबह की नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे।

सुबह सात बजे से अलग-अलग मस्जिदों में नमाज का समय था, जो करीब नौ बजे तक सभी जगह पूरा हो गया। नमाज पढ़ने के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। तो वहीं इस दौरान देश की तरक्की, शांति, आतंकवाद के खात्में और सुरक्षा के लिए दुआ में हाथ उठे। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने फील्ड पर ड्यूटी निभाई। तो वहीं एसीपी स्तर के अधिकारी अपने-अपने सर्किल की प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों पर भी दौरा करने के लिए पहुंचे। साथ थाना प्रभारियों और अधिकारियों ने सभी मस्जिदों पर शांतिपूर्वक नमाज पूर्ण होने के बाद कंट्रोल रूम को भी सूचना प्रदान की।

एडिशनल सीपी और डीसीपी रहे क्षेत्र में एक्टिव

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कमिश्नरेट के सभी अधिकारियों को बकरीद पर कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रखने और कहीं पर भी माहौल न बिगड़े इसके लिए फील्ड पर रहने का निर्देश दिया था। कैला भट्ठा स्थित मस्जिदों पर एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी और थाना प्रभारी कोतवाली अनुराग शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। तो वही साहिबाबाद और लिंक रोड में एसीपी श्वेता यादव ने लिंक रोड महाराजपुर की मस्जिद पर थानाध्यक्ष लिंक रोड प्रीति के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभाली। इसके साथ ही मसूरी में एसीपी और थाना प्रभारी मसूरी अजय सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने खोड़ा, कौशांबी और इंदिरापुरम की मस्जिदों पर सुरक्षा का जिम्मा संभालने का काम किया। तो वही एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह भी फील्ड पर मौजूद रहे। साथ ही थानाध्यक्ष मुरादनगर शैलेंद्र सिंह तोमर पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। वही एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने वेव सिटी और क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके पर मुस्तैदी बना कर रखी। इसके साथ ही एसीपी भास्कर वर्मा ,पूनम मिश्रा, सिद्धार्थ गौतम, लिपि लगायच, ज्ञान प्रकाश ने भी अपने-अपने सर्किल में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूती से संभाली।

लोनी के मुसलमानों ने दिया इको फ्रेंडली बकरीद का संदेश

करंट क्राइम : बीते दिनों लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मुस्लिम समाज के लोगों से लोनी में इको फ्रेंडली बकरीद मनाने की अपील की थी। जिसका असर शनिवार को बकरीद के अवसर पर देखने को मिला। लोनी के दर्जनों मुस्लिम परिवारों ने इको फ्रेंडली बकरीद का संदेश देते हुए केक काटा और उसमें बकरे की फोटो लगाई। इस दौरान घर में रहकर अमन चैन की दुआ मांगी, तो वही पशु कुर्बानी से भी वह दूर रहे। उधर विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने इन सभी लोगों का धन्यवाद और इन्हें बकरीद की मुबारकबाद दी।

नाहल में दिखी बकरीद की रौनक पुलिस रही अलर्ट

करंट क्राइम : मसूरी थानाक्षेत्र के गांव नाहल में गौतमबुद्ध नगर के सिपाही सौरभ की हत्या के बाद जो माहौल बिगड़ा हुआ था अब वह थोड़ा सुधरता हुआ नजर आ रहा है। शनिवार को बकरीद के मौके पर नाहल गांव में बकरीद पर लोगों की भीड़भाड़ दिखाई दी। तो लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इस दौरान कई जगह बकरीद पर मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हालांकि गांव में अहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था रखी गई थी और पुलिस की टीमे भी गश्त कर रही थी।

बाजार और मॉल रहे गुलजार

करंट क्राइम : शनिवार को बकरीद के त्यौहार के चलते गाजियाबाद के तमाम बाजारों और मॉल भीड़ से गुलजार रहे। सुबह लोगों ने मस्जिद ,घरों और ईदगाह में बकरीद की नमाज अता की। तो दोपहर में उन्होंने बकरीद के त्यौहार को बनाया और शाम को बाजार एवं मॉल में खरीदारी एवं खान-पीन का लुफ्त उठाने के लिए भी पहुंचे। इस दौरान भीड़ का नजारा रहा। तो लोगों ने बकरीद के त्यौहार को उल्लास के साथ मनाने का भी काम किया।

मंडल वाले मौहल्लों में बजेगा जुलाई के महीने में ढोल

मानसून के साथ ही हो जायेगी मंडल वाली टीमों की घोषणा

गाजियाबाद करंट क्राइम। भाजपा अब सियासत की एक ऐसी पार्टी हो गई है जहां हर ताजपोशी एक ईवेंट है। हर आयाम एक काम है और भाजपा इसी माहौल को बनाकर 2027 के चुनावी रण की तरफ बढ़ रही है। वो अभी से मंडल और बूथ पर अपनी चुनावी फौज को तैयार कर रही है। चुनाव रण में पार्टी किसे उतारेगी, ये भविष्य के गर्भ में छिपा है लेकिन पार्टी अपनी चुनावी व्यूह रचना को अपनी कार्यकर्ता आर्मी के साथ तैयार कर रही है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। सरकार के बेमिसाल कार्यकाल की प्रदर्शनी लगाई जा रही है। तिरंगा यात्रा, शौर्य यात्रा, हिंदु साम्राज्य आयाम के जरिए माहौल बनाया जा रहा है।

वहीं सूत्र बताते हैं कि मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी को लेकर जितना जोर लगा है उससे ज्यादा जोर मंडल की टीम में पद के लिए लगाये जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि मंडल टीम घोषित होते ही जश्न का ऐसा माहौल दिखाई देगा कि आपको ये लग सकता है कि कहीं इस कार्यकर्ता पर बहुत बड़ी सरकारी कृपा तो नहीं हो गई। वो इसे गलत भी नहीं मान रहे हैं और उनका कहना है कि जब पार्टी अपने बूथ अध्यक्ष के बाहर ढोल बजा सकती है उसकी नेमप्लेट लगा सकती है तो फिर मंडल वाले पदाधिकारियों के यहां भी जश्न मनता ही है।

पार्टी सूत्र बताते हैं कि जब दस मंडलों में प्रधान वाली कमान कैबिनेट मंत्री अपने हाथ में ले सकते हैं। वो अपनी पसंद के प्रधानों के लिए लखनऊ में डेरा डाल सकते हैं तो फिर मंडल वाली टीम के पदाधिकारियों के लिए भी दूसरे सांसद और विधायक पूरी रूचि ले सकते हैं। ऐसा हो भी रहा है और सूत्र बताते हैं कि अभी मंडल टीम के लिए जून का पूरा महीना बीतेगा और फिर उसके बाद जुलाई के प्रथम सप्ताह में मंडल वाली टीम घोषित हो जायेगी।

हालांकि पार्टी के कई स्तर पर ये संकेत दिये गये हैं कि आने वाले एक सप्ताह में मंडल वाली सूची जारी हो सकती है। लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि अभी विचार विमर्श का दौर चलेगा और इसी पूरे क्रम में जून का महीना गुजर जायेगा। इधर मानसून आयेगा और उधर मंडल वाली लिस्ट जा आयेगी।

मंडल ताजपोशी को लेकर है पूरा जोश

करंट क्राइम। संगठन की दृष्टि से भाजपा में काम चल रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक बदलाव की सूचना है। महानगर में बदलाव हो चुका हैऔर जिले में भी बदलाव हो चुका है। जिले में चैनपाल गुर्जर और महानगर में मयंक गोयल को कमान सौंपी गई है। मयंक गोयल के अध्यक्ष बनने के बाद से ही लगातार पार्टी के आयाम आ रहे हैं। तिरंगा यात्रा से लेकर बलिदान पथ पर हिंदु सम्राराज्य कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी बीच जब लगातार घोषणाएं होरही है तो यहां कार्यकर्ताओं की वो टोली भी पूरी ताकत से लग गई है जो पहले वाले कार्यकाल में हाशिये पर थी। एक बड़ा दबाव जहां महानगर अध्यक्ष पर है वहीं मंडल की टीम में आने के लिए कार्यकर्ताओं में भी गजब का जोश है। वो किसी भी तरह से अब भाजपा की टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं। मंडल अध्यक्ष के अतिरिक्त मंडल में अन्य पदों के लिए दावेदारी करने वाले चेहरों ने अब अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

पांच आरोपियों पर गुंडा एक्ट के तहत की गई कार्रवाई, किया गया जिला बदर

कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत बनाने का प्रयास

आलोक प्रियदर्शी, गुंडा एक्ट
गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए लगातार पुलिस के अधिकारियों द्वारा कड़े और बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में न्यायालय अतिरिक्त पुलिस आयुक्त गाजियाबाद ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत कार्रवाई करते हुए पांच लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई करते हुए 6 महीने के लिए जिला बदर किया है। इन सभी को जिले की सीमाओं से 6 महीने के लिए बाहर रखा जाएगा। साथ ही पुलिसकर्मी बीट पुलिसिंग वाले इन पर निगरानी रखने का काम भी करेंगे, अगर इनका चाल चलन ठीक नहीं रहता है तो इनकी समय अवधि को आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

इन पर की गई है कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया है कि अलग-अलग गंभीर अपराध के आरोपियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई करते हुए उन्हें 6 महीने के लिए जिला बदर किया गया है। इसमें राजवीर सिंह थाना कौशांबी, फरमान ट्रोनिका सिटी, शहजाद लोनी ,नरेंद्र कसाना मुरादनगर और गुलफाम उर्फ मुन्ना टीलामोड़ पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही सभी को 6 महीने के लिए जिला बदर किया गया है। इन सभी पर दो या उससे अधिक मुकदमे दर्ज थे।

वर्ष 2025 में अब तक 28 पर की गई गुंडा एक्ट में कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वर्ष 2025 में 1 जनवरी से लेकर अब तक कुल 28 अभियुक्त पर गुंडा एक्ट घोषित करते हुए उन्हें 6 महीने के लिए जनपद की सीमाओं से जिला बदर किया गया है। साथ ही नौ अभियुक्तों को थाने में हाजिरी लगाने का आदेश एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था ने कोर्ट में सुनवाई करते हुए जारी किया है।

पुलिस कमिश्नरेट में जल्द शुरू होगा बंद और खराब कैमरों को लेकर ऑपरेशन

चौकी बार बनाई जाएगी रिपोर्ट और नगर निगम-जीडीए से लिया जाएगा सहयोग

अपराध नियंत्रण करने के लिए पुलिस तैयार करेगी पूरा डेटाबेस रिकॉर्ड

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जल्द ही तीनों जोन की पुलिस चौकी बार खराब सीसीटीवी और वर्तमान में कितने कैमरे किस हालत में हैं, इसका डाटाबेस तैयार करेगी। दरअसल किसी भी वारदात और घटना के बाद पुलिस सबसे पहले सीसीटीवी खंगालने और तलाशने का काम करती है। इसमें बदमाशों और आरोपियों की फुटेज आने के बाद पुलिस को काफी हद तक मदद मिल जाती है।

साथ ही आरोपियों तक पहुंचाने और उनकी गिरफ्तारी के लिए वर्किंग में भी सहूलियत मिलती है लेकिन बीते दिनों के कई मामलों की जांच में पाया गया है कि पुलिस को संबंधित घटना और अपराध के मामले में ना तो फुटेज

उपलब्ध हो पाती है और जो मार्ग के कैमरे हैं, वह चालू हालत में नहीं मिलते हैं। जिसका खामियाजा पुलिस को अपराध नियंत्रण और वारदातों के खुलासों में देरी के रूप में भुगतना पड़ता है।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही चौकी बार खराब कैमरों की लिस्ट बनाकर उनको ठीक करवाया जाएगा। साथ ही इसमें कई विभागों और जनसहयोग भी लिया जा सकता है।

ऑपरेशन त्रिनेत्र का डाटा भी होगा क्रॉस चेक

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते लगभग ढाई सालों के दौरान गाजियाबाद पुलिस के तीनों जोन में

ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत करीब 6000 से अधिक कैमरे लगवाने और उनका डाटा हासिल करने का दावा किया जा रहा था। उसको भी इस प्रक्रिया के तहत क्रॉस चेक किया जाएगा कि कहां पर कैमरे चालू हालत में हैं और कहां पर वह किस हालत में हो चुके हैं, कहां पर नए कैमरे लगाने की आवश्यकता है और किन स्थानों पर अंधेरा होने की वजह से कैमरों की विजिबिलिटी ठीक नहीं बन पाती है। दरअसल पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अपराध नियंत्रण को लेकर अब अधिकारियों की ओर से बड़े स्तर पर प्लानिंग शुरू की जा रही है इसीलिए इस अभियान को दोबारा से जांचा और परखा जाएगा।

नगर निगम और जीडीए को लिखा जाएगा लैटर

करंट क्राइम :पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत आने वाले सिटी, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन जोन में किस जोन में कितने हैं कैमरे हैं और उनकी मौजूदा स्थिति क्या है इसको लेकर पूरा रिकॉर्ड तैयार होगा। साथ ही कई जगह ऐसे कैमरे भी लगवाए जाने हैं जो दिन और रात में वर्किंग कर सके। साथ ही उनकी रडार में आसपास का बड़ा क्षेत्र कवर हो, ऐसा होने से पुलिस को अपराध नियंत्रण और वारदात घटनाओं और अन्य अपराध के खुलासों में बेहद मदद मिलेगी। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही पुलिस कमिश्नर सभी थाना प्रभारियों को इसको लेकर दिशा-निर्देश भी जारी कर सकते हैं।

उपासना पांडे बनाई गई एसीपी लॉ एंड ऑर्डर

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कानून व्यवस्था एवं कार्य में समन्वय स्थापित करने के लिए दो एसीपी को नई जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके तहत छुट्टी से लौटी एसीपी उपासना पांडे को गाजियाबाद में एसीपी कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तो उनके साथ ही एसीपी ऑफिस का प्रभार अमित सक्सेना को दिया गया है। दोनों ने अपने-अपने दायित्व संभाल लिए हैं। साथ ही जानकारी मिली है कि बीते दिनों एसीपी के रिटायर्ड होने के बाद एसीपी ऑफिस का पद खाली चल रहा था, वहां अमित सक्सेना को जिम्मेदारी दी गई है। तो एसीपी लॉ एंड ऑर्डर रहे भास्कर वर्मा को कवि नगर का दायित्व मिला था, तब से उनका पद खाली था, जहां पर उपासना पांडे कार्यभार संभालेगी।

अमित सक्सेना को मिला एसीपी ऑफिस का जिम्मा

संपादकीय

जनगणना का असर

केंद्र सरकार ने बुधवार को घोषणा की है कि अगली जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में देश के पहाड़ी इलाकों मसलन जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की जनगणना का काम 1 अक्टूबर, 2026 तक पूरा किया जाएगा। दूसरा चरण जिसे 1 मार्च, 2027 तक पूरा किया जाना है उसमें देश के बाकी हिस्सों की जनगणना की जाएगी।

जनगणना का काम मूलतया 2021 में होना था। शुरूआत में इसे कोविड-19 महामारी के कारण टाला गया लेकिन हालात सामान्य होने के बाद भी इसमें देरी क्यों होती रही यह स्पष्ट नहीं है। बहरहाल इस बात का स्वागत किया जाना चाहिए कि सरकार ने जनगणना के लिए एक समयसीमा की घोषणा कर दी है। यह जनगणना 16 वर्षों के अंतराल पर होने जा रही है और इसमें स्वतंत्रता के पश्चात पहली बार विस्तृत जाति जनगणना के आंकड़े भी शामिल किए जाएंगे। इससे पहले अंतिम जाति जनगणना 1931 में की गई थी। भारत जैसे तेजी से विकसित होते देश में दशकीय जनगणना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। लंबे अंतराल को देखते हुए 2027 की जनगणना के आंकड़ों की उत्सुकता से प्रतीक्षा होगी। पिछली जनगणना के बाद से देश काफी बदल चुका है। उदाहरण के लिए देश का सकल घरेलू उत्पाद जो 2011 की जनगणना में करीब 1.8 लाख करोड़ डॉलर था उसके 2027 तक 5 लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। देश में शहरीकरण की गति भी तेज हुई है।

नीतिगत उद्देश्यों की बात करें तो ताजातरीन आंकड़ों की सख्त आवश्यकता है। जैसा कि सरकार के एक पूर्व सांख्यिकीविद ने इस समाचार पत्र को बताया, कई सर्वेक्षण जिनका इस्तेमाल करके अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन किया जाता है और नीतियां बनाई जाती हैं, वे अब उतने विश्वसनीय नहीं रहे क्योंकि वे यह काम 2011 की जनगणना के आधार पर कर रहे हैं। कारोबार की बात करें तो जिस बिक्री को ग्रामीण माना जा रहा है और उस मद में डाला जा रहा है उसका कुछ हिस्सा शहरी हो सकता है। ऐसे में जनगणना स्पष्टता लाने में मदद करेगी। इसके अलावा यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि आबादी का वास्तविक आकार क्या है। इसके बारे में अनुमान है कि यह चीन से अधिक हो चुकी है और हमारा देश दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला मुल्क है। यह भी संभव है कि जन्मदर घटी हो और वह सर्वेक्षणों में दिए गए संकेतों से काफी कम हो चुकी हो। ऐसे में जनगणना कई अहम सवालों के जवाब देगी और बेहतर जानकारीपरक नीति बनाने में मददगार होगी।

आम सामाजिक-आर्थिक पहलुओं के अलावा 2027 की जनगणना के राजनीतिक असर भी होंगे। जैसा कि हमने ऊपर कहा इसमें जाति के आंकड़े जुटाए जाएंगे। यह ध्यान देना जरूरी है कि जाति जनगणना 2024 के चुनावों में भी एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा थी। वास्तविक जनगणना के आंकड़ों के साथ राजनीति में जाति की प्रासंगिकता और बढ़ेगी। इस मामले से राजनीतिक परिपक्वता के साथ निपटना होगा। जाति के आंकड़े आरक्षण बढ़ाने की मांग को मजबूत करेंगे। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में शामिल होने की होड़ बढ़ सकती है। इससे उपवर्ग तैयार करने की मांग पैदा बढ़ सकती है। इससे समाज में विभाजन बढ़ सकता है जिसका प्रबंधन करना होगा। जनगणना की घोषणा ने परिसीमन की बहस को भी दोबारा जन्म दे दिया है। संविधान में कहा गया है कि लोक सभा क्षेत्रों का पुनर्संयोजन 2026 के बाद पहली जनगणना के आधार पर होना चाहिए। विधायिका में एक तिहाई महिलाओं का आरक्षण भी अगले परिसीमन पर निर्भर है। यह स्पष्ट नहीं है कि अंतिम जनगणना रिपोर्ट कितनी जल्दी उपलब्ध होगी और क्या 2029 के लोक सभा चुनाव के पहले परिसीमन की कवायद पूरा करने के लिए पर्याप्त समय होगा। अगर 2029 के पहले ऐसा नहीं होता है तो भी राजनीतिक विवाद का एक और मोर्चा खुल सकता है। दक्षिण भारत के राज्यों को डर है कि उनका प्रतिनिधित्व कम होगा क्योंकि उत्तर और दक्षिण भारत के बीच आबादी में अंतर बढ़ा है। ऐसे में जनगणना जहां बेहतर नीति निर्माण में मदद करेगी वहीं इसके राजनीतिक प्रभावों का भी प्रबंधन करना होगा।

ट्रंप से तनातनी के बाद मस्क को उठाना पड़ा भारी नुकसान

एलन मस्क ने 380 अरब डॉलर गंवाए

टेस्ला के बाजार पूंजीकरण में 29 प्रतिशत की कमी आई है और इस साल लार्ज कैप शेयरों में सबसे खराब प्रदर्शन टेस्ला का ही रहा। साल 2025 की शुरूआत में टेस्ला पूरी दुनिया में आठवीं सबसे बड़ी कंपनी थी, वो अब 10वें स्थान पर आ गई है।

नई दिल्ली। एक वक्त ट्रंप के सबसे बड़े समर्थक रहे एलन मस्क, अब उनके सबसे बड़े आलोचकों में से एक हो गए हैं।

मस्क सार्वजनिक तौर पर ट्रंप की आलोचना कर रहे हैं और ट्रंप ने भी सार्वजनिक तौर पर पलटवार किया है। ट्रंप ने टेस्ला और स्पेसएक्स को मिलने वाले सरकारी ठेकों को बंद करने की धमकी दी है। जिससे मस्क को भारी नुकसान की आशंका है।

साथ ही ट्रंप से भिड़ने के बाद मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टेस्ला के शेयरों में गिरावट से जनवरी से अब तक, एलन मस्क को करीब 380 अरब डॉलर (करीब 32 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान उठाना पड़ा है।

टेस्ला का बाजार पूंजीकरण हुआ 29 प्रतिशत कम : टेस्ला के बाजार पूंजीकरण में 29 प्रतिशत की कमी आई है और इस साल लार्ज कैप शेयरों में सबसे खराब प्रदर्शन टेस्ला का ही रहा। साल 2025 की शुरूआत में टेस्ला पूरी दुनिया में आठवीं सबसे बड़ी कंपनी थी, वो अब 10वें स्थान पर आ गई है। ट्रंप प्रशासन में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के तौर पर मस्क ने बड़ी संख्या में संघीय सरकार के खर्चों में कटौती की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों को नौकरी से निकाला गया। इसका विरोध भी मस्क को झेलना पड़ा और अमेरिका में लोगों ने टेस्ला और टेस्ला के शोरूम में तोड़फोड़ की। इससे भी टेस्ला को काफी नुकसान उठाना पड़ा।

एक दिन में 14 प्रतिशत गिरे टेस्ला के शेयर

ट्रंप के साथ तनातनी के बाद 6 जून को टेस्ला के शेयरों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई। जिससे कंपनी को एक दिन में 150 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। यह एक दिन में किसी भी कंपनी को हुए सबसे बड़े नुकसान में से एक है। अभी भी मस्क की मुश्किलें खत्म नहीं हुई हैं क्योंकि ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मस्क की कंपनियों टेस्ला और स्पेसएक्स के सरकारी कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने की धमकी दी है।

क्या है ट्रंप और मस्क के बीच तनातनी की वजह

ट्रंप और मस्क के बीच तनातनी की वजह ट्रंप प्रशासन द्वारा लाए जा रहे टैक्स बिल को लेकर है। मस्क इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं। जबकि ट्रंप का कहना है कि इस बिल का मकसद टैक्स कटौती, रक्षा बजट को बढ़ाना और सीमा सुरक्षा को मजबूत करना है।

हालांकि इस बिल में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बाध्यता को खत्म कर दिया गया है। साथ ही ईवी खरीदने पर मिलने वाली 7500 डॉलर की छूट को भी खत्म कर दिया गया है। माना जा रहा है कि मस्क को इन प्रावधानों से आपत्ति हो सकती है।

भारतीयों को कैसे प्रभावित करेगा ट्रंप का 'बिग ब्यूटीफुल बिल'

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का वन बिग ब्यूटीफुल बिल जिसे हाल ही में प्रतिनिधि सभा ने पारित किया है, अमेरिका के बाहर अपने देश पैसे भेजने वालों को प्रभावित कर सकता है। इस बिल के लागू होने के बाद भारत इससे सबसे अधिक प्रभावित होने वाला देश बन सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत विदेशी धन प्रेषण हासिल करने के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में शुमार है।

22 मई को, अमेरिकी सदन ने 215-214 के अंतर से जिस बिग ब्यूटीफुल विधेयक को पारित किया है उसमें सभी आउटबाउंड रेमिटेंस ट्रांसफर पर 3.5 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव किया गया है। पहले ऐसे धनप्रेषण पर पांच प्रतिशत कर लगाने की बात थी, जिसे संशोधित कर अब 3.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस कानून के लागू होने से अमेरिका के ग्रीन कार्ड धारकों जैसे कानूनी निवासी और एच-1बी वीजा के तहत काम करने वाले कर्मचारी शामिल होंगे।

इसी प्रस्तावित विधेयक की अरबपति एलन मस्क ने कड़ी आलोचना की है, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ उनका विवाद अब बढ़ गया है। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख ने हाल ही में कहा, मुझे लगता है कि एक विधेयक बड़ा हो सकता है या सुंदर भी हो सकता है। लेकिन मुझे नहीं पता कि यह दोनों हो सकता है या नहीं।

इसका भारत पर क्या प्रभाव पड़ेगा? : विश्व बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक (फ्बक) के अनुसार, भारत को अकेले 2024 में लगभग 129 बिलियन डॉलर का धन प्रेषण प्राप्त हुआ। यह आंकड़ा पाकिस्तान ($67 बिलियन) और बांग्लादेश ($68 बिलियन) के वार्षिक बजट के बराबर है। इस राशि का सबसे बड़ा हिस्सा संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय श्रमिकों से आता है। प्रस्तावित नए कर से भारत में लाखों परिवारों को सहायता देने वाले कोष से अरबों डॉलर की हानि हो सकती है। पिछले 10 सालों में भारत के कुल धन प्रेषण में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

राशिफल

मेष : आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

वृष : जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

मिथुन : शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

कर्क : पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

सिंह : व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

कन्या : प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

तुला : कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक : किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

धनु : आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

मकर : लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

कुंभ : किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

मीन : वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

चुटकुले

टिल्लू अपनी बीमारी लेकर डॉक्टर के पास गया।
डॉक्टर- आपकी बीमारी की सही वजह मेरी समझ में नहीं आ रही, हो सकता है दारू पीने की वजह से ऐसा हो रहा हो।
टिल्लू- कोई बात नहीं डॉक्टर साहब, जब आपकी उतर जाएगी तो मैं दोबारा आ जाऊंगा।

राज - अगर तुम्हें गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
रवि - मैं कूलर के पास जाकर बैठ जाता हूं।
राज- अगर फिर भी गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
रवि - तो फिर मैं कूलर चालू कर लेता हूं।

ग्राहक- भाई, तुमने दाढ़ी बनाने के साथ मेरी चमड़ी भी छील दी।
नाई- चिंता मत कीजिए, मैं आपसे केवल दाढ़ी बनाने के ही पैसे लूंगा।

मुकेश अंबानी ने आईसीटी को दान किए 151 करोड़

1970 के दशक में यहीं से की थी स्नातक की पढ़ाई

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, मुंबई को 151 करोड़ रुपये का बिना शर्त अनुदान देने की घोषणा की। यहीं से उन्होंने 1970 के दशक में स्नातक की पढ़ाई की थी। आईसीटी के वरिष्ठ और सम्मानित प्रोफेसर एमएम शर्मा की जीवनी 'डिवाइन साइंटिस्ट' के विमोचन समारोह में मुकेश अंबानी ने कहा कि प्रोफेसर शर्मा और जेबी जोशी मेरे प्रोफेसर थे। अन्य संस्कृतियों में गुरु केवल शिक्षक होता है, लेकिन भारतीय संस्कृति में 'गुरु ही ब्रह्मा हैं, गुरु ही विष्णु हैं, गुरु ही महेश्वर हैं'...'

मुकेश अंबानी ने कहा, '70 के दशक के मध्य में जब मैं एक छात्र के रूप में यहां आया था, तब यह इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी नहीं था, यह यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी था। मैंने जानबूझकर आईआईटी बॉम्बे की जगह यूडीसीटी को चुना था। आज भी मुझे प्रोफेसर शर्मा का पहला व्याख्यान याद है और उन्हें सुनने के बाद मुझे विश्वास हो गया कि मैंने सही चुनाव किया है।

धीरूभाई अंबानी का जिक्र किया : रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, 'मेरे पिता धीरूभाई अंबानी की तरह प्रोफेसर एमएम शर्मा में भारतीय उद्योग को अभाव से वैश्विक नेतृत्व में बदलने की तीव्र इच्छा थी। मैं उनके और मेरे पिता के बीच हुई सभी बैठकों में मौजूद था।

इन दो साहसी दूरदर्शी लोगों का मानना था कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी, निजी उद्यमिता के साथ गठबंधन करके समृद्धि के द्वार खोले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें भारत को एक डीप टेक राष्ट्र बनाना चाहिए। एआई और अन्य सफल तकनीकों का उपयोग करके हमें अपने देश को उन्नत विनिर्माण में वैश्विक नेता बनाना चाहिए। हमारे विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षा संस्थानों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं को भविष्य की तकनीकों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

रोचक तथ्यों का करंट



- शोधकर्ताओं ने पिकासो और मोनेट द्वारा चित्रों के बीच भेद करने के लिए कबूतरों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने अपने काम के लिए मनोविज्ञान में विनोदपूर्ण आईजी नोबेल पुरस्कार जीता।
- भारत में एक कबूतर को गिरफ्तार किया गया था और पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पुलिस गार्ड के अधीन रखा गया था।
- स्पाइन्राजा, रीढ़ की हड्डी के मांसपेशी एट्रोफी के लिए एक दवा, की कीमत $ 750,000 है।
- अमेजॉन का सबसे बड़ा गोदाम 17 अमेरिकी फुटबॉल क्षेत्रों के आकार जितना बड़ा है।
- इंग्लैंड में रहने वाले 770,000 लोग अंग्रेजी में अच्छी तरह से बात नहीं कर सकते हैं। एक इंसान के डीएनए में पचास उपन्यासों की जितनी से भी अधिक जानकारी होती है।
- प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कबूतरों को मेल वाहक के रूप में उपयोग किया जाता था। उन्होंने दुश्मन की गोलीबारी पर जानकारी देकर कई जानें बचाई।
- कबूतरों को टेनिस कोर्ट से दूर दूर रखने के लिए विंबलडन शिकार के पक्षी, रूफस द हॉक को नियुक्त करता है।

08 06 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन

शिल्पा शेट्टी
अभिनेत्री

लवानया

हर्षित

जिया , प्रिया

अमृता प्रीतम

आरती शर्मा

बब्लू राघव

विनित त्यागी

सुनील कुमार पंवार

विवेक प्रकाश

योगेन्द्र चौधरी

अखण्ड गोस्वामी

एड. उत्तम त्यागी

सतेंद्र त्यागी

नितिन कुमार

संदीप वर्मा

जय सिंह

राकेश भट्ट

सुमित रघुवंसी

राजकुमार आनंद

सागर वत्स

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

इंग्लैंड ने पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया: सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई; बटलर ने 96 रन बनाए, डॉसन को 4 विकेट

इंग्लैंड। इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 21 रन से हरा दिया। टीम सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर ने 96 रन बनाए। ऑलराउंडर लियाम डॉसन ने 4 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

चेस्टर ले स्ट्रीट के रिवरसाइड ग्राउंड में शुक्रवार को खेले गए मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी।

बटलर ने 96 रनों की पारी खेली इंग्लैंड की ओर से जोस बटलर ने 59 गेंदों पर 96 रनों की शानदार पारी खेली। बटलर के अलावा जेमी स्मिथ ने 38 और जैकब बेथेल ने नाबाद 23 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोमारियो शेफर्ड ने 2 विकेट झटके। अल्जारी जोसेफ, रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल को 1-1 विकेट मिला।

डॉसन ने 4 विकेट झटके जवाब में वेस्टइंडीज की ओर से कोई भी खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सका। एविन लुईस ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। उनके अलावा रोस्टन चेज ने 24, जॉनसन चार्ल्स ने 18, रोमारियो शेफर्ड और जेसन होल्डर ने 16-16 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए लियाम डॉसन ने 20 रन देकर सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके।

इंग्लैंड ने वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था टी-20 सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज खेली गई थी। इसे इंग्लैंड ने 3-0 से जीता था। वनडे सीरीज में जो रूट को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

काशी की बेटी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड : दक्षिण कोरिया में जीता पदक, बनीं यूपी की पहली पहली पैरा महिला खिलाड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया में आयोजित वर्ल्ड पैरा निशानेबाजी में काशी की बेटी सुमेधा पाठक ने 10 मीटर पिस्टल की टीम स्पर्धा में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। सुमेधा ने 10 मीटर पिस्टल की एकल स्पर्धा में स्वर्ण और मिक्स में कांस्य पदक जीत देश का नाम रोशन किया है।

इस जीत के साथ सुमेधा के पदकों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। ऐसा करने वाली वह प्रदेश की पहली पैरा महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सुमेधा पाठक ने इस जीत का श्रेय बाबा काशी विश्वनाथ और माता-पिता और कोच को दिया है।

उन्होंने बताया कि विदेशी धरती पर स्वर्ण जीतना का सपना बाबा काशी विश्वनाथ की कृपा से संभव हुआ है। 10 मीटर टीम स्पर्धा दूसरा स्थान कोरिया जबकि तीसरा स्थान चीनी ताइपे को मिला है। इसमें सुमेधा ने 1695 अंक हासिल कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। दसवीं में पढ़ाई के दौरान 2013 में उन्हें मल्टी ड्रग ट्यूबरक्लॉसिस बीमारी ने अटैक किया और शरीर के निचले हिस्से में कमर से लेकर पैरों तक ने काम करना बंद कर दिया। उन्होंने 11वीं से निशानेबाजी में कदम बढ़ाया और 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में अभ्यास शुरू किया। 2018 में प्री-स्टेट शूटिंग में स्वर्ण जीता।

प्रादेशिक के बाद मद्रास में जीवी मावलंकर में कांस्य पदक जीता। 2021 में दूसरे पैरा नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने तीसरे और चौथे पैरा नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीता। 2022 में फ्रांस के सेटूरेक्स वर्ल्ड कप और कोरिया में टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। 2023 में चीन में एशियन गेम्स की शूटिंग प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची और सातवां स्थान हासिल किया।

काशी आएंगी सुमेधा पाठक, होगा स्वागत

दक्षिण कोरिया में पदक जीतकर सुमेधा पाठक शनिवार शाम तीन बजे बाबतपुर पहुंचेगी। यहां मेयर अशोक तिवारी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद नगर में जगह जगह उनका स्वागत होगा। पिता बृजेश पाठक ने बताया वे शनिवार दोपहर दिल्ली से इंडिगो विमान में सवार होकर शाम तीन बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी। यहां उनका फूल माला पहनाकर स्वागत होगा।

जोकोविच का 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का इंतजार बढ़ा

सिनर से हारकर फ्रेंच ओपन में खत्म हुआ सफर

फ्रांस। विश्व के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नोवाक जोकोविच को हराकर फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह जोकोविच का 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का इंतजार बढ़ गया। सिनर ने तीन घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में जोकोविच को 6-4, 7-5, 7-6 (7-3) से हराया। यह सिनर की जोकोविच के खिलाफ लगातार चौथी जीत है।

सिनर का अल्कारेज से होगा सामना

जोकोविच ने आखिरी बार 2023 में यूएस ओपन का खिताब जीता था जो उनके करियर का 24वां ग्रैंडस्लैम था। इसके बाद से ही इस सर्बियाई खिलाड़ी का 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का इंतजार बढ़ता जा रहा है। जोकोविक ने आखिरी बार सिनर के खिलाफ 2023 एटीपी फाइनल्स में जीत दर्ज की थी। सिनर का सामना अब फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज से होगा। पिछले साल सिनर रोलां गैरों के सेमीफाइनल में अल्कारेज से हार गए थे। 2013 यूएस के बाद पहली बार ऐसा होगा जब पुरुष और महिला एकल वर्ग के फाइनल में विश्व के नंबर एक और दो खिलाड़ियों का आमना-सामना होगा।

लोरेंजो मुसेटी को चोट के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा जिससे अल्कारेज को वॉकओवर मिला। मुसेटी और अल्कारेज के बीच सेमीफाइनल मुकाबला चार सेटों तक चला जिसके बाद मुसेटी ने मैच बीच में छोड़ने का फैसला लिया। इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ अल्कारेज 4-6, 7-6 (3), 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे। 22 साल के दूसरे वरीय अल्कारेज अपने दूसरे फ्रेंच ओपन और कुल पांचवें ग्रैंडस्लैम खिताब के लिए भिड़ेंगे।

तीसरे सेट के बाद मुसेट ने ब्रेक लिया था। चौथा सेट शुरू हुआ, लेकिन मुसेटी ने मैच से हटने का फैसला किया। 23 साल के मुसेटी तीसरे सेट में 16 मिनट में ही 0-5 से पिछड़ रहे थे। अल्कारेज ने मुसेटी को अगले गेम में हराया और 21 मिनट में सेट अपने नाम कर लिया।

डिविलियर्स को उम्मीद, ऑस्ट्रेलिया को हराने में सफल होगा द. अफ्रीका; लॉर्ड्स में खेलने पर कही ये बात

दक्षिण अफ्रीका। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराने में सफल रहेगी। दोनों टीमों के बीच 11 जून से लॉर्ड्स पर डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला खेला जाना है। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार इसके खिताबी मुकाबले में पहुंची है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की टीम खिताब का बचाव करने उतरेगी।

दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका और पाकिस्तान को घर में हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था, जबकि भारत न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज गंवाकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया था। भारत इससे पहले दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचा था, लेकिन दोनों ही बार उसे खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान आरोन फिंच को ट्रेविस हेड से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में एक और बेहतरीन पारी की उम्मीद है। फिंच ने कहा, 'हेड ने अब तक कई फाइनल में यह साबित कर दिया है कि कम समय में मैच को प्रतिद्वंद्वी टीम की पहुंच से दूर कर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर खिलाड़ी पहले से इंग्लैंड में है और टीम को इसका फायदा होगा।

डिविलियर्स को उलटफेर का भरोसा

डिविलियर्स ने 114 टेस्ट मैचों में 22 शतकों सहित 8,765 रन बनाए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को संतुलित टीम करार देते हुए कहा कि वे पैट कमिंस की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर करने में सक्षम है। डिविलियर्स ने कहा, मैं इस चुनौती के लिए उत्साहित हूं। यह एक संतुलित टीम है और मुझे पूरा विश्वास है कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर कर सकते हैं। मैं उलटफेर इसलिए कह रहा हूं क्योंकि वे स्पष्ट रूप से इस आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को जीतने के प्रबल दावेदार हैं। लॉर्ड्स में फाइनल दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट के लिए एक बहुत बड़ा पल है। पूरा देश हमारी टीम के साथ खड़ा होगा। उम्मीद है कि हम जीतने में सफल होंगे।

आउट होने के बावजूद कुछ सेकेंड तक क्रीज पर रुके यशस्वी, फैसले पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली। भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अंपायर के फैसले से नाराज दिखे। यशस्वी और केएल राहुल ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पारी का आगाज किया, लेकिन यशस्वी जल्द ही पवेलियन लौट गए। यशस्वी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दिख रहा है कि वह एलबीडब्ल्यू के निर्णय से खुश नहीं है।

भारत ए का स्कोर 300 के पार

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के शतक और ध्रुव जुरेल के अर्धशतक की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में सात विकेट पर 319 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय तनुष कोटियान पांच और अंशुल कंबोज एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड लायंस की ओर से क्रिस वोक्स ने तीन, जॉर्ज हिल ने दो, फरहान अहमद और टॉम हेन्स ने एक-एक विकेट लिया है।

इंग्लैंड लायंस ने भारत ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ए को यशस्वी जायसवाल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के रूप में शुरूआती झटके लगे। आईपीएल 2025 के समाप्त होने के बाद केएल राहुल भारत ए टीम से जुड़े और उन्होंने यशस्वी के साथ ओपनिंग की। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 28 रनों की साझेदारी हुई। यशस्वी 26 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 17 रन बनाकर आउट हुए।

राहुल-जुरेल के बीच शतकीय साझेदारी

इंग्लैंड लायंस ने भारत ए को शुरूआती झटके दिए थे, लेकिन राहुल ने पहले करुण नायर और फिर जुरेल के साथ मिलकर पारी को संभाला। चायकाल के बाद पहले राहुल ने शतक पूरा किया और फिर जुरेल ने अर्धशतक लगाया। हालांकि, अर्धशतक लगाने के बाद जुरेल को जॉर्ज हिल ने बोल्ड किया। जुरेल 87 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। हिल ने जुरेल और राहुल के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 121 रनों की साझेदारी को तोड़ा। इसके कुछ देर बाद ही केएल राहुल भी पवेलियन लौट गए। राहुल को भी हिल ने अपना शिकार बनाया। राहुल 168 गेंदों पर 15 चौकों और एक छक्के की मदद से 116 रन बनाकर आउट हुए।

गुस्से में पवेलियन लौटे यशस्वी

यशस्वी को क्रिस वोक्स ने अपना शिकार बनाया। वोक्स की गेंद यशस्वी के पैड पर लगी और अंपायर ने उन्हें आउट दिया। यशस्वी इस फैसले से खुश नहीं थे और उन्होंने अंपायर की तरफ इशारा करते हुए कहा कि गेंद बाहर जा रही है। हालांकि, ये अनौपचारिक टेस्ट था जिस कारण यशस्वी के पास अंपायर के फैसले को चुनौती देने का अधिकार नहीं था। आउट होने के बाद कुछ सेकेंड के लिए यशस्वी क्रीज पर ही खड़े रहे, लेकिन अंपायर के फिर आउट होने का इशारा करने पर गुस्से में पवेलियन लौटते दिखाई दिए।

वाकई टेस्ट संन्यास के फैसले से पलटेंगे विराट कोहली ? माइकल क्लार्क ने दिया अजीब तर्क

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि अगर भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ता है तो विराट कोहली टेस्ट से संन्यास लेने का अपना फैसला पलट सकते हैं। कोहली ने हाल ही में लाल गेंद के प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला किया था। उन्होंने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले और 46.85 के औसत से 9230 रन बनाए जिसमें 30 शतक भी शामिल हैं।

क्लार्क ने ब्योंड23 क्रिकेट के पॉडकास्ट में कहा, मुझे ऐसा लगता है। अगर भारत को इंग्लैंड के खिलाफ हार मिली या टीम इंडिया ने ये सीरीज 0-5 के अंतर से गंवाई तो प्रशंसक चाहेंगे कि कोहली संन्यास के फैसले को बदलें और दोबारा से टेस्ट क्रिकेट खेलें। अगर कप्तान, चयनकर्ता और प्रशंसक ऐसा चाहेंगे तो वह वापसी कर सकता है। उसे अभी भी टेस्ट क्रिकेट से प्यार है। उसके शब्दों में टेस्ट क्रिकेट के लिए उसका जुनून झलकता है।

क्लार्क ने कहा, रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। मुझे लगता है कि किसी भी टीम को उसकी कप्तानी की कमी खलेगी। वह शानदार कप्तान था। कोहली ने टेस्ट से संन्यास लिया। यह बहुत दुखद था। वह चैंपियन है और टेस्ट क्रिकेट को उसकी कमी खलेगी।

बंगलूरू भगदड़ में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताई

क्लार्क ने आरसीबी की जीत के जश्न में बंगलूरू में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा, किसी को चोटिल होते देखना या जान गंवाते देखना दुखद है। उम्मीद है कि ऐसा फिर कभी नहीं होगा। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को प्रशंसकों के साथ जश्न मनाना चाहिए। स्टेडियम पूरा भरा भी हो तो भी खिलाड़ियों को उसके भीतर ले जाकर एक चक्कर लगाना चाहिए। यह एक शानदार सत्र का दुखद अंत रहा।

रोहित-कोहली के बिना इंग्लैंड दौरे पर गई है टीम

कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने हाल ही में आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। आईपीएल की ट्रॉफी जीतने के बाद कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि बताया था। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। भारत इस दौरे पर कोहली और रोहित शर्मा के बिना गया है। कोहली से पहले रोहित ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था।

'गार्डन की तो याद आएगी', रोहित शर्मा के लिए पंत ने कही ये बात; इंग्लैंड में दम दिखाने को तैयार

नई दिल्ली। शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टेस्ट टीम शनिवार को इंग्लैंड पहुंच गई है। भारत को 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी बल्लेबाज नहीं होंगे क्योंकि इन दोनों ने ही लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया है। रोहित मैदान पर मस्ती करते दिखते थे और पंत को उनके इस व्यवहार की याद आएगी।

पंत को रोहित की खलेगी कमी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कप्तान गिल, उपकप्तान पंत, साई सुदर्शन, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज सहित अन्य खिलाड़ी एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। पिछले साल घरेलू टेस्ट सीरीज रोहित का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह

खिलाड़ियों को कहते सुनाई दिए थे, 'गार्डन में कोई नहीं घूमेगा।' रोहित अब इंग्लैंड दौरे पर साथ नहीं होंगे तो पंत को रोहित की याद आएगी। इसी को लेकर पंत ने कहा, गार्डन की तो याद आएगी।

भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज जून से अगस्त 2025 तक खेली जाएगी। इसके मुकाबले लीड्स, बर्मिंघम, लंदन के लॉर्ड्स और द ओवल तथा मैनचेस्टर में खेले जाएंगे। रोहित और कोहली के टेस्ट संन्यास के बाद यह इस प्रारूप में भारत की पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। भारतीय टेस्ट टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है जिसमें रोहित और कोहली के अलावा रविचंद्रन अश्विन भी टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं।

इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने उतरेगा भारत

भारत ने इंग्लैंड में 2007 से कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। इस सीरीज की तैयारियों को देखते हुए कुछ भारतीय खिलाड़ी पहले ही इंग्लैंड पहुंच गए थे जहां वे भारत ए के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच खेल रहे हैं। भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा अनौपचारिक टेस्ट मैच नॉर्थम्पटन में खेला जा रहा है। इंग्लैंड को पिछले साल भारत के खिलाफ 1-4 से टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी थी। इंग्लैंड टीम में तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन नहीं है जो संन्यास ले चुके हैं। वहीं, जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स और ओली रॉबिंसन जैसे खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सचिव और कोषाध्यक्ष का इस्तीफा; बंगलूरू भगदड़ मामले की नैतिक जिम्मेदारी ली

बंगलूरू। बंगलूरू में हुई भगदड़ के बाद विवादों में घिरे कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ से बड़ी खबर आ रही है। जानकारी के मुताबिक, ए. शंकर और ईएस जयराम ने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरसीबी के आईपीएल ट्रॉफी समारोह के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

एक संयुक्त बयान में शंकर और जयराम ने कहा कि उन्होंने गुरुवार रात को केएससीए अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। बयान में कहा गया, 'पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की वजह से हम यह बताना चाहते हैं कि हमने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, हमारी भूमिका बहुत सीमित थी।'

इससे पहले केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव शंकर और कोषाध्यक्ष जयराम ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी कि गेट प्रबंधन और भीड़ प्रबंधन संघ की जिम्मेदारी नहीं थी। उन्होंने विधान सौधा में आरसीबी आईपीएल समारोह आयोजित करने की अनुमति मांगी थी। विधान सौध में सम्मान समारोह बिना किसी बड़ी गड़बड़ी के संपन्न हो गया, लेकिन एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर अनहोनी हो गई, जहां आरसीबी के सोशल मीडिया आमंत्रण के बाद लाखों लोग एकत्र हुए, जिसे बाद में हटा दिया गया। इस वजह से विजय परेड को रद्द करना पड़ा, लेकिन स्टेडियम के अंदर समारोह जारी रहा। बावजूद इसके कि बाहर इतना बड़ा हादसा हो गया।

सरकार को भेजे गए पत्र में क्या लिखा था?

अनुमति के लिए भेजे गए केएससीए के पत्र के मुताबिक, मेसर्स डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से केएससीए यह सूचित करने का अनुरोध करता है कि अगर तीन जून 2025 को आईपीएल फाइनल के बाद अगर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खिताब जीतता है तो मेसर्स डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड विधान सौधा ग्रैंड स्टेप्स में सम्मान समारोह की योजना बनाएगा। महासंघ ने राज्य सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को जारी पत्र में लिखा है कि केएससीए अनुरोध करता है कि मेसर्स डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड को विधान सौधा ग्रैंड स्टेप्स पर आवश्यक व्यवस्था करने की अनुमति दी जाए।

'दबाव और मजबूर करने वाली परिस्थितियों में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर'

केएससीए ने राज्य हाईकोर्ट में दलील दी है कि उसके पदाधिकारियों को किसी भी तरह की गलती के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। वे इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं है। संस्था ने अपनी रिट याचिका में कहा, 'आईपीएल कार्यक्रम आरसीबी की ओर से अपने सेवा प्रदाता मेसर्स डीएनए नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं और केएससीए की भूमिका बहुत सीमित है। केएससीए आयोजन स्थल और बुनियादी ढांचे उसे सौंपता है। पुलिस ने बिना किसी प्रारंभिक जांच के अत्यधिक दबाव और मजबूर करने वाली परिस्थितियों में याचिकाकर्ता/केएससीए के सदस्यों को आरोपी बनाकर एफआईआर दर्ज की है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से आईपीएल का खिताब जीतने के बाद बंगलूरू में जश्न मनाया जा रहा था। इस दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी। हादसे में 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। भगदड़ के बावजूद स्टेडियम के अंदर कार्यक्रम जारी रखने को लेकर आयोजकों को तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा है। स्टेडियम के बाहर लाखों लोग आरसीबी के सोशल मीडिया आमंत्रण के बाद एकत्र हुए थे। इस आमंत्रण को हालांकि बाद में हटा दिया गया था।

हाईकोर्ट से मिली फौरी राहत

केएससीए पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने अगली सुनवाई तक पुलिस को पदाधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को जांच में पूरा सहयोग करने का भी निर्देश दिया। एफआईआर रद्द करने की याचिका पर 16 जून को फिर सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने भी इस दुखद घटना का स्वत: संज्ञान लिया है और राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। इस पर 10 जून को सुनवाई होगी।

अत्यधिक भीड़ के कारण रोड शो को रद्द कर दिया गया, लेकिन स्टेडियम के अंदर समारोह जारी रहा। विधान सौधा में सम्मान समारोह बिना किसी बड़ी गड़बड़ी के संपन्न हो गया, लेकिन चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर अराजकता फैल गई।

पत्नी को फंसाने के लिए दिल्ली सीएम को दी धमकी

कॉल करके मोबाइल ससुराल में फेंका, गोरखपुर का वकील गाजियाबाद से गिरफ्तार

गाजियाबाद करंट क्राइम। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी देने वाले को दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सदर तहसील में वकील है, रजिस्ट्री करवाने (बैनामा लेखक) का काम करता है। पूछताछ में उसने बताया, पत्नी छोड़कर चली गई। मैं डिप्रेशन में हूं। मैंने नशे की हालत में धमकी दी थी। मैं पारिवारिक कलह से परेशान हूं।

पुलिस को आरोपी के पास वकालत की डिग्री और फर्जी आईडी कार्ड मिले हैं। आरोपी ने पत्नी को फंसाने के लिए पुलिस को फोन कर सीएम को मारने की धमकी दी। इस बाद मोबाइल को ससुराल में फेंक दिया था। पुलिस मोबाइल बरामद करने के लिए उसे साथ लेकर गई है।

धमकी भरा फोन करने के बाद ससुराल में फेंका मोबाइल

पुलिस के मुताबिक, आरोपी श्लोक मूलरूप से गोरखपुर का रहने वाला है। गाजियाबाद के थाना कोतवाली क्षेत्र के न्यू पंचवटी कॉलोनी में अपनी मां के साथ रहता है। उसका डेढ़ साल से पत्नी से विवाद चल रहा है। पत्नी दिल्ली के नरेला में रहती है।

पत्नी के जाने के बाद से वह डिप्रेशन में है। शराब पीने लगा है। आरोपी ने पांच जून को अपनी पत्नी को

फोन किया। फिर उसने धमकी भरा फोन पुलिस को किया। इसके बाद उसने मोबाइल को पत्नी के घर के अंदर फेंक दिया और भाग निकला।

बताया जा रहा है कि आरोपी ने पत्नी को फंसाने के मकसद से ऐसा किया होगा। हालांकि, पुलिस अन्य एंगल पर भी जांच कर रही है। आरोपी दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की हिरासत में है। वह फोन बरामद करने के लिए उसे लेकर गई है।

रेखा हरियाणा की रहने वाली, दिल्ली में पली-बढ़ीं

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के दादा मनीराम और परिवार के लोग हरियाणा के जुलाना में रहते थे। उनके पिता जयभगवान 1972-73 में बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर बने। उन्हें दिल्ली में ड्यूटी मिली। इसके बाद परिवार दिल्ली शिफ्ट हो गया।

रेखा की स्कूली पढ़ाई दिल्ली में ही हुई। उन्होंने दिल्ली के ही दौलत राम कॉलेज से बीकॉम किया। इसके बाद एलएलबी की पढ़ाई भी की। उन्होंने कुछ समय तक वकालत भी की।

गाजियाबाद पुलिस को आया था फोन, फिर बंद कर लिया मोबाइल

गुरुवार यानी 5 जून की रात करीब 11 बजे गाजियाबाद पुलिस के पास एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने कहा था कि वह रेखा गुप्ता को जान से मार देगा। धमकी भरा फोन आने के बाद गाजियाबाद और दिल्ली पुलिस एक्टिव हो गई। पुलिस नंबर ट्रेस करने में जुट गई। मगर कुछ देर बाद कॉलर का फोन स्विच ऑफ हो गया। पुलिस ने कॉलर के सिम कार्ड की जांच की, जो गोरखपुर में रजिस्टर्ड पाया गया। इसके बाद पूरी रात और अगले दिन भी पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को उसके घर से पकड़ लिया। पुलिस जानना चाहती है कि आरोपी ने दिल्ली की सीएम को ही जान से मारने की धमकी क्यों दी? आरोपी के खिलाफ गाजियाबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रताप विहार शिफ्ट किया जा सकता है कौशांबी बस डिपो!

गाजियाबाद करंट क्राइमः यूपी रोडवेज के पुराना बस अड्डे के बाद अब कौशांबी डिपो के जल्द स्थानांनतरण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। रोडवेज के आरएम और जिला प्रशासन यूपीसीडा और प्रताप विहार में चिह्नित की गई जमीन पर मंथन कर रहा है। कौशांबी बस डिपो के स्थानांतरण के लिए करीब पांच एकड़ जमीन की जरूरत है। इस संबंध में यूपी रोडवेज और प्रशासन और यूपीसीडा के अधिकारियों के बीच शुक्रवार को विडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में जमीन का मामला जल्द निस्तारण कर पूरा प्लान फाइनल करने पर सहमति बन गई।

आरएम का कहना है कि वह प्रयास कर रहे हैं कि जल्द ही खाली जमीन मिल जाए ताकि कौशांबी डिपो पर भी पीपीपी मॉडल के आधार पर डिवलेपमेंट का काम शुरू किया जा सके। इसके बाद भी कोई पेंच फंसता है तो हम अपना कार्यालय छोटा करेंगे और कौशांबी डिपो के वर्कशॉप के साथ मिलाकर छोटी रूट की बसों का संचालन यहीं से करना शुरू कर देंगे।

जबकि लंबी रूट की बसें आनंद विहार डिपो और कश्मीरी गेट शिफ्ट कर सकते हैं।

कौशांबी डिपो से रोजाना 1000 से अधिक बसें यूपी के अलग-अलग शहरों के लिए चलती हैं। ऐसे में अभी तक आरएम कार्यालय ने दो बार यूपीसीडा से कौशांबी डिपो के पास ही जमीन चिह्नित की है। यूपीसीडा ने कहा है कि उन्हें जमीन कुछ समय के लिए देने पर कोई दिक्कत नहीं है लेकिन उस जमीन पर कुछ कानूनी पेंच है। यदि परिवहन निगम चाहे तो खुद याचिकाकर्ता से बात करके उस जमीन पर कुछ समय के लिए काम शुरू कर सकता है।

यहां काम शुरू करवाने तक परिवहन विभाग को कम से कम पांच करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि लगेगी। इसलिए परिवहन विभाग इस पर कोई फैसला नहीं ले पा रहा है। जबकि प्रताप विहार में जहां जगह देखी गई है वह जगह हाइवे से काफी दूर है। वहां पर मेट्रो की कनेक्टिविटी भी नहीं है। ऐसे में परिवहन विभाग को पैसेंजर्स कम मिलेंगे। लेकिन इन्हीं दो विकल्पों में परिवहन विभाग को जल्द से जल्द फैसला करना पड़ेगा।

परिवहन विभाग ने अपने सामने यह विकल्प भी खोला हुआ है कि यदि इन दोनों ही जमीनों को लेकर कुछ फाइनल नहीं होता है तो कौशांबी डिपो की सभी बसें, जिसमें अनुबंधित बसें भी शामिल हैं उन्हें लंबी रूट और छोटी रूट वाली बसों में विभाजित किया जाएगा। 250 किलोमीटर और इससे अधिक लंबी दूरी वाली बसों को आनंद विहार और कश्मीरी गेट से चलाया जाएगा। जबकि इससे कम दूरी वाली बसें कौशांबी एआरएम कार्यालय के पास से ही चलाई जाएंगी बस कौशांबी डिपो के वर्कशॉप और एआरएम कार्यालय के बीच की दीवार को हटाकर छोटी दूरी वाली बसों के लिए जगह बनाई जाएगी फिर उनका संचालन किया जाएगा।

> हम हर कोशिश में हैं कि कौशांबी डिपो के आसपास ही यहां से संचालित होने वाली बसों का स्थानांनतरण किया जाए। जमीन को लेकर मंथन चल रहा है। जल्द ही इसपर फाइनल डिसीजन लिया जाएगा। ओमेक्स द्वारा भी शासन से अपफ्रंट प्रीमियम के लिए समय मांगा गया है। ऐसे में वहां से भी डिसीजन आना बाकी है।
> **केएन चौधरी, आरएम, गाजियाबाद**

गाजियाबाद में ब्लैकमेलिंग की हदें पार

महिला ने महिला पर लगाया अपने यौन शोषण का आरोप

मुरादनगर करंट क्राइम। थाना क्षेत्र की एक कालोनी में रहने वाली महिला ने अपनी समलैंगिक दोस्त पर उसका यौन शोषण करने और अश्लील वीडियो के बल पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला के अनुसार दो वर्ष पूर्व वह इंटरनेट मीडिया पर एक अन्य महिला के संपर्क में आई थी। कुछ समय के बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई।

होटल में बुलाया और बना लिया वीडियो और खींचे अश्लील फोटो

आरोपित महिला ने उससे कहा कि उनके साथ मिलकर कपड़ों का व्यापार करना चाहती हैं, जिसके लिए उसने होटल में मिलने के लिए बुलाया।

आरोप है कि आरोपित महिला ने नशे का पदार्थ पिलाकर उसके संबंध बनाए और अश्लील वीडियो और फोटो भी तैयार कर लिए।

वीडियो और फोटो पति को भेजने की धमकी देने का आरोप

वीडियो और फोटो के बल पर आरोपित उसका यौन शोषण कर रही है। वीडियो और फोटो पति को भेजने के नाम पर धमका भी रही है।

पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। एसीपी का कहना है कि मामले की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मोदीनगर में नगर पालिकाध्यक्ष की फैक्ट्री में लूट का मामला

सभासदों ने दी आंदोलन की चेतावनी, एसीपी ने जल्द खुलासे का दिया आश्वासन

मोदीनगर करंट क्राइम। मोदीनगर में नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली की फैक्टरी में हुई लूट का मामला अभी तक सुलझ नहीं पाया है। करीब 10 दिन पहले निवाड़ी के सारा रोड स्थित फैक्टरी में दो नकाबपोश लुटेरों ने चौकीदार रामलाल को बंधक बनाया था। लुटेरों ने 8 लाख रुपये की नगदी और 5 लाख रुपये से अधिक के गहने लूट लिए थे।

घटना में चौकीदार रामलाल को लोहे के पाइप से मारकर घायल कर दिया गया था। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। मामले का खुलासा न होने से सभासदों में आक्रोश है। सभासदों ने इससे पहले भी प्रदर्शन किया था। सभासद संघर्ष समिति के बैनर तले तहसील मुख्यालय पर आंदोलन की तैयारी की जा रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय नगर पालिका

परिषद कार्यालय पहुंचे। उन्होंने नगर पालिकाध्यक्ष की मौजूदगी में सभासदों से वार्ता की।

समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश, प्रदीप शर्मा, बोबी चौधरी और ललित त्यागी समेत सभासदों ने सोमवार तक का समय दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस अवधि में घटना का खुलासा नहीं हुआ तो वे तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि घटना के खुलासे में छह से अधिक टीमें लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अहम सुराग मिले हैं और जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

अमरनाथ यात्रियों के लिए भेजी दो ट्रक खाद्य सामग्री

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नेहरूनगर स्थित श्री श्री हर हर महादेव सेवा समिति की ओर से शनिवार को अमरनाथ यात्रियों के लिए आयोजित होने वाले भंडारे के लिए दो ट्रक भोजन सामग्री की खेप को रवाना किया। समिति के संरक्षक अरुण त्यागी ने कहा कि इस खेप में चार टन चीनी, एक टन बेसन, 125 टीन रिफाइंड ऑयल, 600 किलो चाय पत्ती, 800 किलो नमक, बिस्कुट, सभी प्रकार की दालें और 600 पेटी पानी की बोतलें भेजी गई है। संस्था के पदाधिकारियों ने शनिवार को हरी झंडी दिखाकर गाडी को रवाना किया।

संरक्षक अरुण त्यागी ने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने पर और भी सामग्री भेजी जाएगी। इस मौके पर अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, अनुज सिंघल, जय प्रकाश राणा, देशबंधु शर्मा, सुशील चौधरी, महेश चौधरी, राजेश गोयल, अर्पित सिंह, अरुण चौधरी, खिलेंद्र गर्ग, संदीप त्यागी, नरेंद्र मधुर, कमल कौशिक, प्रमोद यादव, धीरज गोयल आदि उपस्थित थे।

सड़क क्षतिग्रस्त होने से परेशानी उठानी पड़ रही

गाजियाबाद करंट क्राइम। हापुड़ रोड से गोविनदपुरम गौर होम्स वाली सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। सड़क गहरे गड्ढों में तब्दील है। इस कारण वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोग निगम से सड़क की मरम्मत कराने की मांग कर रहे हैं। नगर निगम ने करीब डेढ़ साल पहले सड़क पर परत डालकर मरम्मत कराई थी। सड़क पर वाहनों की ज्यादा आवाजाही रहती है। सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस कारण वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गड्ढे होने से दोपहिया वाहन चालकों के गिरने का डर रहता है। गोविन्दुपरम निवासी प्रवीण शर्मा और हरीश सिंह ने बताया कि निगम ने गोविन्दपुरम की कई सड़कों की परत डालकर मरम्मत करा दी है।

बदलेगी थानों की तस्वीर, दिखेगा नया लुक

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ऑफिस, लाइन और कैफेटेरिया बनने के बाद अब बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले कई थानों में वर्क कराया जाएगा। उनको मॉडल लुक दिया जाएगा, साथ ही उनकी तस्वीर बदलने के साथ ही उनको हाईटेक भी बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले तीन सर्किल के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही सिटी के तीन थाने में आगंतुक कक्ष और बिल्डिंग की मरम्मत का काम शुरू होगा। साथ ही एक एसीपी के कार्यालय का भी रिनोवेशन किया जाएगा। वहीं सुनने में यह आ रहा है कि जिस तरीके से सिटी कोतवाली का कायाकल्प किया गया है, उसी तरीके से अन्य थानों पर भी काम कराया जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि सिटी वाले साहब का ऑफिस भी पहले से ज्यादा हाईटेक बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। वर्तमान में सिटी वाले साहब पुलिस ऑफिस के प्रथम तल पर बैठ रहे हैं। उनके

कक्ष से पुलिस ऑफिस में बनाए गए नए कैफेटेरिया और मीटिंग हॉल साफ-साफ नजर आएंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन का परमजीत वाला हॉल भी अब पहले से ज्यादा मॉडर्न लुक में करवा दिया गया है। सूत्रों से सुनने में आ रहा है कि यहां आने वाले दिनों में पुलिस कर्मियों की परीक्षा ,मीटिंग और कई तरीके के प्रेजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इसीलिए इसे मॉडर्न लुक में बनाया गया है। तो वहीं बताया जा रहा है कि पुलिस ऑफिस के पहले तल पर इसलिए ही नया कॉन्फ्रेंस और मीटिंग हॉल बनाया गया है ताकि अन्य व्यवस्थाएं भी ठीक प्रकार से सुचारू रहें। कुल मिलाकर लगभग दो महीने पहले तक जो स्थान, कार्यालय और भवन पुराने और बदहाल नजर आते थे, धीरे-धीरे अब उनकी तस्वीर और तकदीर बदल रही है। उनको बेहद हाईटेक लुक में तैयार किया जा रहा है। तो वही वहां का माहौल और इंफ्रास्ट्रक्चर भी बदला जा रहा है। इसे नए अधिकारियों का विजन ही कहा जाएगा की पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद वाले सिस्टम के तमाम कार्यालयों और थानों की तस्वीर बदली जा रही है। देखना होगा आने वाले दिनों में डीआईजी का कार्यालय किस रूप में नजर आएगा।

मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर कार्रवाईःएडीएम कोर्ट ने 9 दुकानदारों पर लगाया 13.85 लाख का जुमार्ना

हापुड़ करंट क्राइम। हापुड़ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच में मिलावट पाए जाने पर एडीएम कोर्ट ने कड़ी कार्रवाई की है। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर 9 दुकानदारों पर कुल 13.85 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

बुलंदशहर रोड पर दूध में मिलावट के लिए 20 हजार, सराफा बाजार में राजभोग की मिथ्याछाप के लिए 50 हजार का जुमार्ना लगाया गया। धौलाना में अनार जूस अमानक पाए जाने पर 25 हजार और हरोड़ा मोड़ पर सरसों तेल में मिलावट के लिए 25 हजार रुपये का जुमार्ना निर्धारित किया गया।

गांव नवादा में मिश्रित दूध के लिए 20 हजार और शेखपुर खिचरा में कुट्टू के आटे में वाह्य पदार्थ मिलने पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। बदरखा में मांस की दुकान पर खराब व्यवस्था और जंग लगे चाकुओं के उपयोग के लिए 2 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

गांव वैठ में दो मांस विक्रेताओं पर बिना लाइसेंस दुकान संचालित करने के लिए अलग-अलग 5-5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। विभाग ने जनवरी में भी 24 नमूनों की जांच में दूध, दही, छाछ, पनीर, सरसों का तेल और मसालों में मिलावट पाई थी। एडीएम संदीप कुमार ने बताया कि किसी भी सूरत में मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नोएडा एक्सप्रेस वे की 600 मीटर सड़क होगी चौड़ी

शासन से मिली एनओसी, 5.5 मीटर बढ़ेगी चौड़ाई, रोजाना 5 लाख लोगों को होगा फायदा

नोएडा करंट क्राइम। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर महामाया फ्लाइओवर से डीएनडी लूप तक की रोड को चौड़ा किया जाएगा। इससे एक्सप्रेस वे के जरिए दिल्ली जाने वाले वाहन चालकों को जाम नहीं मिलेगा। सड़क चौड़ा करने के लिए प्राधिकरण ने 26 सितंबर 2024 को उप्र शासन की स्मारकों, संग्रहालयों , संस्थाओं , पार्क व उपवन आदि की प्रबंधन, सुरक्षा और अनुरक्षण समिति से एनओसी मांगी थी। ये एनओसी प्राधिकरण को मिल गई है। ऐसे में अब प्राधिकरण सड़क चौड़ीकरण के लिए टेंडर जारी कर सकता है।

प्राधिकरण ने बताया कि एक्सप्रेस वे पर जाम का ये सबसे बड़ा पाइंट है। पीक आवर्स में ट्रैफिक भार ज्यादा होने से यहां लोगो को काफी दिक्कत होती है। ऐसे में निर्णय लिया गया कि सेक्टर-95 राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल के सामने सड़क को चौड़ा किया जाए।

लेकिन बिना एनओसी के ये नहीं हो सकता था। अब एनओसी मिल गई है। जिसके बाद सड़क चौड़ी करण काम जल्द शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि इसके लिए जो स्टडी की गई है।

5.5 मीटर चौड़ी होगी सड़क

सेक्टर-95 में 600 मीटर लंबाई में बनी हुई 1 मीटर रोड साइड पटरी और 1.4 मीटर चौड़ा छोटा फुटपाथ व रेलिंग के अलावा 3.1 मीटर चौड़ा पेव्ड टाइल सरफेस को हटाकर कुल 5.5 मीटर चौड़ी सर्विस लेन बनाई जाएगी। जिससे यहां लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। ऐसे में सड़क रोड कैरिज वे 45 मीटर हो जाएगी।

रोजाना आते है 5 लाख वाहन

दिल्ली से रोजाना करीब 5 लाख वाहन आते जाते है। ये वाहन इसी मार्ग का प्रयोग करते है। एक बार सड़क चौड़ी होने से वाहन चालकों को जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके विपरीत साइड में प्राधिकरण पहले की सड़क चौड़ी कर चुका है।

ससुराल पक्ष पर समझौते के नाम पर 60 लाख रुपये मांगने का आरोप

साहिबाबाद करंट क्राइम। टीला मोड़ थाना क्षेत्र के भनेड़ा खुर्द में रहने वाले सरकारी स्कूल के अध्यापक ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष पर समझौता के नाम पर 60 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। टीला मोड थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पति ने पत्नी और ससुराल वालों पर साजिश के तहत विवाह करने का आरोप लगाया है।

अजय त्यागी दिल्ली में सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। उन्होंने दी शिकायत में बताया कि उनके पिता ने उनकी शादी के लिए मेट्रीमोनियल साइट पर एक रिश्ता देखा था। जानकारी करने पर पता चला कि लड़की और उनका परिवार मेरठ का रहने वाला है। इसके बाद लड़की के पिता रामनाथ त्यागी से बात हुई। 20 नवंबर 2019 को दोनों की सगाई हो गई। आरोप है कि सगाई होने के बाद मनीषा और उनकी भाभी ने महंगे कपड़ों की मांग की। मनीषा को मांग करने पर करीब 50 हजार रुपये के लहंगे और महंगे फोन दिए गए। 30 जनवरी 2020 को दोनों की शादी हो गई। शादी के बाद मनीषा का व्यवहार उनके और परिवार वालों के प्रति अच्छा नहीं था। आरोप है कि उनकी पत्नी पूरा दिन तो अलग-अलग लड़कों के साथ फोन पर बात करती रहती थीं। उन्होंने मनीषा से इस मामले में बात की गई तो, उन्होंने डरा धमका दिया। उसके बाद उन्होंने मनीषा के घरवालों से बात कि तो उन्होंने भी चुप रहने का दबाव बनाया। आरोप है कि इस दौरान 13 जुलाई 2020 को मनीषा के परिवार वाले उनके घर आए और उनके साथ मारपीट की और उनके घर से गहने और नकदी भी ले गए। जिसके संबंध में उन्होंने थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। आरोप है कि मनीषा और उनके मायके वाले उनसे 60 लाख रुपये की मांग करते हैं। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार ने बताया कि पुलिस ने अदालत के आदेश पर मनीषा, उनके पिता रामनाथ त्यागी, मां कृष्णा त्यागी, भाई नमित त्यागी, भाभी काजल त्यागी, बहन सुषमा त्यागी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बाइक सवार दो युवकों ने महिला से चेन ठगी

लोनी करंट क्राइम। लोनी थाना क्षेत्र के खड़खड़ी गांव स्थित दुकान में 29 मई को चूड़ी खरीदने गई महिला को झांसा देकर बाइक सवार दो लड़कों ने चेन ठग ली। घटना को अंजाम देकर बाइक सवार मौके से फरार हो गये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सरिता नुसरताबाद खड़खड़ी गांव में रहती है। उन्होंने बताया कि वह गांव स्थित दुकान में चूड़ी खरीदने गई थी। जब वह दुकान पर सामान देख रही थी, तभी बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे। दोनों महिला से बात करने लगे, इस दौरान एक युवक ने महिला से डिजाइन देखने के लिए चेन मांगी।

महिला द्वारा चेन उतारकर दिए जाने पर दोनों युवक महिला को अपनी बातों में फंसा कर फरार हो गए। युवकों के जाने के बाद महिला ने उनकी तलाश की, लेकिन दोनों नहीं मिले। महिला ने बताया कि पहले मामले की शिकायत मौखिक रूप से पुलिस चौकी पर की। बाद में शुक्रवार को महिला ने लोनी थाने में मामले की शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि महिला की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

दूध के टैंकर में वेल्डिंग के दौरान लगी आग टैंकर जलकर राख, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

हापुड़ करंट क्राइम। गढ़मुक्तेश्वर के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के सैहल चौराहे पर एक दूध के टैंकर में वेल्डिंग के दौरान आग लग गई। टैंकर पूरी तरह से जलकर राख हो गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

टैंकर चालक प्रकाश ने बताया कि यह राजस्थान का टैंकर था। यह बहादुरगढ़ की एक डेयरी में लगा हुआ था। मरम्मत के लिए वह टैंकर को वेल्डिंग की दुकान पर लाया था। इसी दौरान अचानक टैंकर में आग लग गई।

आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग तेजी से फैल गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

एलन मस्क ने डिलीट किए एप्सटीन फाइल्स वाले ट्वीट, ट्रंप से खत्म करना चाहते हैं विवाद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क के बीच उपजा विवाद शायद खत्म होने की ओर बढ़ रहा है

वॉशिंगटन । दरअसल, टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप को लेकर किए अपने कई पुराने ट्वीट्स डिलीट कर दिए हैं। मस्क ने हाल ही में एक्स पर ट्रंप को लेकर की गई कई व्यक्तिगत टिप्पणियों वाले पोस्ट को डिलीट कर दिया है। इनमें से एक विवादित ट्वीट में उन्होंने दावा किया था कि डोनाल्ड ट्रंप का नाम जेफ्री एप्सटीन की फाइलों में है, और यही कारण है कि वो फाइलें सार्वजनिक नहीं हो पा रही हैं।

मस्क ने हटाए कई विवादित पोस्ट

इस ट्वीट में मस्क ने लिखा था, 'अब बड़ा धमाका करने का वक्त है, डोनाल्ड ट्रंप एप्सटीन फाइलों में हैं। यही असली वजह है कि वे सार्वजनिक नहीं हो रहीं। शुभ दिन डीजेटी ! इस पोस्ट को भविष्य के लिए मार्क कर लो। सच्चाई बाहर आएगी।' हालांकि अब यह ट्वीट और अन्य कई आलोचनात्मक पोस्ट मस्क ने हटा दिए हैं। इस पर अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग पहल के प्रमुख जेम्स फिशबैक, जो मस्क की ट्रंप-विरोधी टिप्पणियों पर पहले नाराजगी जता चुके थे, ने अब उनकी इस 'पहली सकारात्मक पहल' की सराहना की है। फिशबैक ने कहा, 'एलन ने राष्ट्रपति के बारे में किए गए अपमानजनक ट्वीट्स डिलीट कर दिए हैं। यह एक अच्छा पहला कदम है। अगला कदमः ट्रंप और उनके परिवार से पूरी तरह माफी मांगना चाहिए।'

इस पूरे विवाद की शुरूआत तब हुई जब मस्क ने अमेरिकन पार्टी नाम की एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने की बात कही। इस पर फिशबैक ने उन्हें चेताया और लिखा- 'एलन, जापान की जनसंख्या दर और अपनी नई पार्टी के बारे में ट्वीट करते रहो, लेकिन ट्रंप से सार्वजनिक माफी जरूरी है। नीतियों पर असहमति हो सकती है, लेकिन निजी आरोप लगाना गलत था।' इसके बाद मस्क ने जवाब में कई ट्वीट्स किए, जिनमें से ज्यादातर अब डिलीट हो चुके हैं। हालांकि कुछ प्रतिक्रियाएं अभी भी ऑनलाइन दिखाई दे रही हैं, जो उनके हटाए गए ट्वीट्स से जुड़ी हैं मस्क ने ट्रंप की एक महत्वपूर्ण योजना को घिनौनी और भयानक करार दिया था। यह बयान रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को चौंकाने वाला लगा। जवाब में ट्रंप ने भी कड़ा रुख अपनाया और कहा, 'एलन और मेरा रिश्ता पहले बहुत अच्छा था। अब नहीं पता कि आगे कैसा रहेगा।' इतना ही नहीं, ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को मिलने वाली सरकारी सहायता और ठेके बंद करने की भी बात कह दी। उन्होंने कहा, 'सरकार का पैसा बचाने का सबसे आसान तरीका है एलन की कंपनियों के सब्सिडी और कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर देना।

लॉस एंजेलिस में दर्जनों अवैध अप्रवासी गिरफ्तार

लॉस एंजेलिस । अमेरिका में संघीय अप्रवासन प्राधिकरण ने शुक्रवार को लॉस एंजेलिस में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया और अवैध अप्रवास के आरोप में 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ और पुलिसकर्मियों और सामाजिक संगठनों के लोगों के बीच भिड़ंत हो गई। पुलिसकर्मियों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। होमलैंड सिक्योरिटी की प्रवक्ता ने बताया कि अप्रवासन और कस्टम विभाग और पुलिसकर्मियों ने संयुक्त अभियान चलाकर तीन स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया।

सामाजिक संगठनों ने किया विरोध

सामाजिक संगठन कोएलिशन ऑफ ह्यूमन इमीग्रेंट राइट्स की कार्यकारी निदेशक एंजेलिका सालेस का दावा है कि सात जगहों से लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो होम डिपो, एक गोदाम और एक डोनट की दुकान भी शामिल है। अप्रवासन विभाग ने लॉस एंजेलिस के फैशन जिले में यह तलाशी अभियान चलाया। विभाग को सूचना मिली थी कि कई लोग अवैध अप्रवासियों को गलत दस्तावेजों के आधार पर काम पर रख रहे हैं। लॉस एंजेलिस की मेयर ने अप्रवासन विभाग की कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की और इसे लोगों को डराने की कोशिश करार दिया।

ट्रंप प्रशासन में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ सख्ती की जा रही है और बड़ी संख्या में अवैध अप्रवासियों को पकड़कर उन्हें निर्वासित कर दिया गया है। इसी के तहत संघीय अप्रवासन प्राधिकरण देशभर में जगह-जगह छापेमारी कर अवैध अप्रवासियों को हिरासत में ले रहा है। विभाग के प्रमुख ने बताया कि उनकी एजेंसी हर दिन करीब 1600 अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार कर रही है और गिरफ्तार लोगों में कई अपराधी हैं। हाल ही में सैन डिएगो और मिनेपोलिस में भी अप्रवासन विभाग और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों में भिड़ंत हुई थी।

ऑपरेशन स्पाइडर वेब से बौखलाए रूस का पूरे यूक्रेन पर हमला, 400 ड्रोन और 40 मिसाइलें दागीं

कीव । ऑपरेशन स्पाइडर वेब से बौखलाए रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला किया। रूस ने पूरे देश में 400 से अधिक ड्रोन और 40 मिसाइलें दागीं। इस दौरान कम से कम छह लोगों के मारे जाने की खबर है। दर्जनों अन्य लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। हमले में लगभग पूरा यूक्रेन निशाना बना, जिसमें कीव, लविवि और सुमी सहित नौ इलाके प्रभावित हुए। इसके अलावा ताजा हमलों मे रूस ने पूर्वी शहर खार्किव को निशाना बनाया। यहां रूसी ड्रोन और मिसाइलों के हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इसे युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़े हमलों में से एक बताया। यूक्रेनी राज्य आपातकालीन सेवा के मुताबिक, कीव में तीन अग्निशामक मारे गए, लुत्स्क में दो नागरिक मारे गए और चेर्निहिव में एक अन्य व्यक्ति मारा गया। युद्ध के बाद से सबसे बड़े हमलों में से एक हमले के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने रात भर के हमले में 400 से अधिक ड्रोन और 40 मिसाइलों का इस्तेमाल किया। यह युद्ध के बाद से सबसे बड़े हमलों में से एक है। उन्होंने कहा कि मॉस्को के हमले में 80 लोग घायल हुए और यूक्रेन के लगभग पूरे क्षेत्र को निशाना बनाया गया, जिसमें पश्चिम में ल्वीव से लेकर उत्तर-पूर्व में सुमी तक के नौ इलाके शामिल हैं।

ऑपरेशन स्पाइडर वेब से और बिगड़े हालात : हालांकि, रूस ने तीन साल से जारी युद्ध में यूक्रेन पर लगभग हर दिन हमला किया है, लेकिन यूक्रेन पिछले रविवार से ही जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार था। दरअसल, कीव ने हाल ही में ऑपरेशन स्पाइडर वेब को अंजाम दिया था, जिसमें रूस के एक तिहाई से अधिक रणनीतिक क्रूज मिसाइल वाहकों पर हमला किया गया था। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके हमले कीव के आतंकवादी कृत्यों के जवाब में थे।

पुतिन ने कहा था- जवाब देना होगा: इस बीच बुधवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि मॉस्को को कीव के हमले का जवाब देना होगा।

अमेरिकी सांसद ने बिलावल भुट्टो को खूब सुनाई खरी खोटी, जैश-ए-मोहम्मद को खत्म करने के लिए कहा

अमेरिका में पाकिस्तान और उसके पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की जमकर किरकिरी हुई। एक वरिष्ठ अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमैन ने बिलावल को खूब खरी-खोटी सुनाई।

वॉशिंगटन । उन्होंने बिलावल से जैश-ए-मोहम्मद को खत्म करने के लिए काम करने को कहा। अमेरिकी सांसद ने पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में आए पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल से कहा कि वह आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें और देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। यह वाकया तब हुआ, जब कांग्रेस सदस्य ब्रैड शेरमैन ने वॉशिंगटन में पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर रहा था। उनकी यात्रा कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक भारतीय बहुदलीय संसदीय दल की यात्रा के वक्त हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर और 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई के बारे में अमेरिकी अधिकारियों को जानकारी देने के लिए अमेरिका में है। पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल को आतंकवाद से लड़ने की अहमियत समझाई' बिलावल भुट्टो से मुलाकात के बाद शेरमन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्व पर कहा, 'मैंने पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल को आतंकवाद से लड़ने की अहमियत समझाई। खासकर उनसे जैश-ए-मोहम्मद को खत्म करने को कहा, जिसने 2002 में अमेरिकी नागरिक डेनियल पर्ल की हत्या की थी।' वह वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार पर्ल का जिक्र कर रहे थे, जिनकी पाकिस्तान में आतंकवादियों ने अगवा कर हत्या कर दी थी। मामले में उमर सईद शेख को अपराध की योजना बनाने के लिए दोषी ठहराया गया था। 'पाकिस्तान सरकार को शकील अफरीदी को रिहा करना चाहिए' अमेरिकी सांसद ने पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल पर डॉ. शकील अफरीदी की रिहाई के लिए काम करने का दबाव डाला। डॉ. शकील ने अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को ओसामा बिन लादेन का पता लगाने में मदद की थी।

राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले बौद्ध धर्मगुरु पंचेन लामा, पांच साल की आयु में चीन ने की थी नियुक्ति

बीजिंग। बीजिंग में शुक्रवार को चीन की तरफ से नियुक्त बौद्ध धर्मगुरु पंचेन लामा ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली। यह मुलाकात दलाई लामा के 90वें जन्मदिन से पहले हुई है, जिससे इस पर राजनीतिक नजरिया और तेज हो गया है।

राष्ट्रपति शी ने पंचेन लामा से कहा कि वे तिब्बत में जातीय एकता, धार्मिक सौहार्द और स्थिरता को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभाएं। उन्होंने पंचेन लामा से यह भी कहा कि वे धर्म का चीनिकरण यानी धर्म को चीन की विचारधारा के अनुसार ढालने के प्रयासों को आगे बढ़ाएं।

पंचेन लामा ने शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान वादा किया कि वे चीन की एकता को मजबूत करने, धर्म के चीनिकरण को आगे बढ़ाने और तिब्बत के आधुनिकीकरण में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि वे शी जिनपिंग की अनमोल शिक्षाओं को याद रखेंगे और पार्टी के नेतृत्व का पूरी तरह समर्थन करेंगे।

बता दें कि 35 वर्षीय पंचेन लामा को चीन ने 1995 में महज 5 साल की उम्र में नियुक्त किया था। इससे पहले दलाई लामा ने गेडुन चोक्यी न्यिमा को 11वें पंचेन लामा के रूप में मान्यता दी थी, लेकिन चीन ने उन्हें हटाकर अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया। गेडुन न्यिमा को उसके बाद से कभी सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन की आलोचना होती रही है।

पीएम मोदी को जी-7 सम्मेलन का दिया न्योता

कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी ने बताई वजह

ओटावा । कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस महीने कनाडा में होने वाले जी-7 सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। पीएम मोदी ने इस न्योते को स्वीकार कर लिया है और सम्मेलन में भाग लेने की पुष्टि की है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में हाल ही में तनाव देखने को मिला था, खासकर 2023 में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद, जिसको लेकर कनाडा ने भारत पर आरोप लगाए थे। भारत ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया था।

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि भारत की वैश्विक भूमिका को देखते हुए उसका जी-7 की चर्चा में शामिल होना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि- 'भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। भारत कई अहम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का केंद्र है। ऐसे में भारत का जी-7 की चचाओं में शामिल होना बेहद जरूरी है'। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार के जी-7 सम्मेलन में ऊर्जा, सुरक्षा, डिजिटल भविष्य, महत्वपूर्ण खनिज और विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे के निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। इन सभी मामलों में भारत की भागीदारी अहम मानी जा रही है मार्क कार्नी ने यह भी बताया कि भारत और कनाडा के बीच अब कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग पर सहमति बनी है। 'हमने द्विपक्षीय स्तर पर कानून प्रवर्तन वार्ता पर सहमति बनाई है। इससे जवाबदेही और सहयोग की दिशा में प्रगति हुई है'। उन्होंने इसी संदर्भ में पीएम मोदी को आमंत्रित किया, जिसे मोदी ने स्वीकार कर लिया।

कनाडा के न्योते पर पीएम मोदी ने क्या कहा प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी से फोन पर बात कर उन्हें चुनाव में जीत की बधाई दी। उन्होंने मुझे जी-7 सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, जिसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। भारत और कनाडा दो जीवंत लोकतंत्र हैं, जो गहरे जन-से-जन संबंधों से जुड़े हैं। हम साझा हितों और परस्पर सम्मान के आधार पर मिलकर कार्य करेंगे। सम्मेलन में उनसे मिलने की प्रतीक्षा है।' भारत-कनाडा संबंधों में तनाव कनाडा ने 2023 में आरोप लगाया था कि भारत के एजेंटों की संलिप्तता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में हो सकती है। निज्जर एक कनाडाई नागरिक और खालिस्तान आतंकी था। भारत ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया था।

पाकिस्तान में लड़कियों के स्कूल पर हमला

कट्टरपंथियों ने बम से उड़ाया बालिका हाईस्कूल

शुक्रवार तड़के उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में एक सरकारी हाईस्कूल को कट्टर पंथियों ने बम से उड़ा दिया

पेशावर । पुलिस के मुताबिक अज्ञात बदमाशों ने यह हमला किया। घटना टैंक जिले के गुल इमाम पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में अकबरी गांव की है। धमाके के चलते स्कूल के कई कमरे ढह गए। अभी तक किसी समूह ने स्कूल बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। बताया गया कि यह लड़कियों का स्कूल था और कुछ कट्टरपंथी पहले से महिला शिक्षा के खिलाफ थे।

हालांकि, टैंक जिले में सक्रिय प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के अलग-अलग समूह लड़कियों की शिक्षा के खिलाफ हैं और आमतौर पर उन्हीं के स्कूलों को निशाना बनाते हैं। स्थानीय गैर सरकारी संगठनों द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक दशक में इस प्रांत में 450 से अधिक स्कूल ऐसे हमलों में नष्ट हो चुके हैं, जिससे छात्रों को या तो स्कूल जाना बंद करना पड़ा या वे बर्बाद इमारतों या मलबे के बगल में कक्षाएं लेने के लिए मजबूर हुए। पाकिस्तान में 2019 तक लड़कियों के स्कूलों पर कई हमले हुए, खासकर स्वात घाटी और उत्तर-पश्चिम में अन्य जगहों पर जहां पाकिस्तानी तालिबान ने लंबे समय तक पूर्व आदिवासी क्षेत्रों को नियंत्रित किया था।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अपने घर पर गैस रिसाव से हुए विस्फोट में घायल हुए पूर्व मंत्री की शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, कोहाट जिले में स्थित उनके आवास पर बृहस्पतिवार को गैस रिसाव से हुए विस्फोट में पीएमएल-एन के पूर्व सांसद अब्बास खान अफरीदी समेत तीन लोग घायल हो गए थे और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अफरीदी एक प्रमुख राजनीतिक हस्ती थे। वह संघीय मंत्री भी रह चुके थे।

पार्षद रेखा गोस्वामी ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शनिवार को वार्ड-10 अंतर्गत डीएलएफ कॉलोनी के डी- 1 ब्लॉक स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर रोड का उद्घाटन निगम पार्षद रेखा गोस्वामी ने किया। इस दौरान मुख्यरूप से

पश्चिम क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा मानसिंह गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष विपिन डागर, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी उपस्थित रहे।

पार्षद रेखा गोस्वामी ने कहा कि भाजपा शासन काल में सभी क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। अब वह दिन दूर नहीं जब गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल साहिबाबाद के विधायक व कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के कार्यकाल में गाज़ियाबाद जिले का नाम पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की दृष्टि से सर्वोच्च स्थान पर रहेगा।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि वार्ड 10 का कायाकल्प होगा, ओर वार्ड में सभी सुविधा शीघ्र पूरी की जाएगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। गरीबों के लिए राशन योजना चलाई जा रही है। इसके तहत सभी राशनकार्ड धारकों को हर माह गेहूं, चावल दिया जा रहा है। इस अवसर पर नरेश बंसल, मनोज गुप्ता, जितेंद्र शर्मा, नेहा, आदि लोग मौजूद रहे।

आयुष्मान के शानदार खेल से टीएनएम की शानदार जीत

गाजियाबाद। करंट क्राइम। जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र गाजियाबाद की ओर से आयोजित तीसरे नारायण दत्त तिवारी मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के अंडर-14 में शनिवार को खेले गये लीग मैच में टीएनएम क्रिकेट एकेडमी ने राजनगर एक्सटेंशन क्रिकेट एकेडमी को 07 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर राजनगर एक्सटेंशन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36.3 ओवर में 128 बनाए। इस दौरान सभी विकेट गिर गए। रक्षित ने 14, वंश ने 10, उन्नत ने 28 और अरनव ने 20 रन बनाए। टीएएन की ओर से कबीर ने 17 रन देकर चार विकेट लिए। युवराज ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए।

जवाब में टीएनएम की टीम ने 9 ओवर में ही 9 विकेट पर 119 रन आसानी से बनाकर मैच जीत लिया। आयुष्मान यादव ने सबसे ज्यादा 78 रन बनाए। अभिषेक यादव 21 रनों पर नॉट आउट थे।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आयुष्मान यादव को दिया गया।

शनिदेव मंदिर पर निर्जला एकादशी पर वितरित किया गया मीठा शरबत

गाजियाबाद, करंट क्राइम। निर्जला एकादशी के अवसर पर हर वर्ष की भांति विवेकानंद नगर के प्राचीन श्री सूर्य पुत्र शनिदेव मंदिर पर श्री शनि देव मंदिर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी के द्वारा मीठे शरबत की छबील लगाकर हजारों लोगों को भीषण गर्मी में शरबत पिलाकर लोगों की प्यास बुझाई। हजारों लोगों का आशीष लेकर पुण्य प्राप्त किया। उसके पश्चात मीठी लस्सी का आयोजन किया जिसको रास्ते पर धूप में चलने वाले लोगों ने पसंद किया। इस अवसर पर मंदिर के सहयोगी राजकुमार वर्मा, अरविंद त्यागी, दीपक सैनी, विशाल, प्रमोद, नानक, गीता सैनी, नीतू सैनी, सलमान, दिनेश, हिमांशु, रामु गुप्ता, सुरेंदर मुखिया, कालू भैया, भाजपा नेता उदित गोस्वामी, प्रशांत गोस्वामी, विवेकानंद नगर आर डब्लू ए अध्यक्ष सुनील शर्मा का विशेष योगदान रहा।

शिप्रा सनसिटी में निर्जला एकादशी पर किया गया शरबत वितरण

यह आयोजन जनसेवा और समाज में सद्भाव की भावना को भी सशक्त करता है।

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी के गेट नम्बर 5 पर टीम पहल द्वारा निर्जला एकादशी के पर्व पर मदर डेयरी के पास, शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

गर्मियों की तपती दोपहरी में आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में प्याऊ के माध्यम से शीतल शर्बत वितरित किया। यह आयोजन न केवल जनसेवा का उदाहरण है, बल्कि समाज में सहयोग और सद्भाव की भावना को भी सशक्त करता है।

इस अवसर पर ललित पांडे, तुषार उपाध्याय, आर. पी. सिंह, सार्थक नेगी, वीरेंद्र कुमार, एस. सी. कपूर, मनीष जैन, तिलक सरकार, आर. एस. वार्ष्णेय, मीता उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

पार्षद राधेश्याम त्यागी ने किया एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। पर्यावरण संरक्षण के साथ अपने संस्कारों का समावेश करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को इंदिरापुरम के मकनपुर तालाब पर नगर निगम के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा कि यह अभियान मातृ सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम पर एक पौधा रोपने के लिए प्रेरित करना है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने लोगों को हर घर में एक पौधा रोपने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि अंकुर त्यागी, जयश्री सिन्हा, सचिन त्यागी, अजय गुप्ता, मदन पल शर्मा, गुलाब यादव, पंकज कुमार, सचिन राघव आदि लोग मौजूद रहे।

गोवंश अवशेष मामले में दो और गिरफ्तार

हापुड़ से मोहाली जा रहे ट्रक के मालिक और दलाल को पुलिस ने दबोचा

मोदीनगर करंट क्राइम। भोजपुर के गांव अमराला के पास गोवंश की खाल और मांस से भरे ट्रक के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ट्रक मालिक कलीम अहमद और दलाल हासिम को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले पुलिस ट्रक चालक और क्लीनर को गिरफ्तार कर चुकी थी।

मंगलवार रात को हिंदू युवा वाहिनी, बजरंग दल और ग्रामीणों ने गांव अमराला के पास एक ट्रक को रोका था। ट्रक में गोमांस होने का आरोप लगाते हुए लोगों ने हंगामा किया।

भीड़ ने ट्रक चालक और क्लीनर की पिटाई की। आक्रोशित लोगों ने ट्रक में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। इसके बाद भोजपुर-फरीदनगर मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने ट्रक से मिले मांस का सैंपल जांच के लिए भेजा। चिकित्सक ने पुष्टि की कि ट्रक में लदी खाल गोवंश की थी। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पशु अवशेषों को हापुड़ से पंजाब के मोहाली ले जा रहे थे। एसीपी के अनुसार, ट्रक मालिक कलीम अहमद मेरठ के सिवाल थाना क्षेत्र का और दलाल हासिम हापुड़ के रामपुर रोड का रहने वाला है।

आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का सातवां दिन, चरित्र व संस्कार उन्नति का मार्ग-दर्शनाचार्या विमलेश बंसल

नोएडा करंट क्राइम। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44 नोएडा में चल रहे चरित्र निर्माण शिविर में आचार्या विमलेश बंसल ने कहा कि चरित्र और संस्कारों से व्यक्ति उन्नति कर्ता है। उन्होंने कहा कि यह चरित्र निर्माण शिविर निःसंदेह सराहनीय है। उन्होंने बच्चों को चरित्र किसे कहते हैं बड़े ही सरल रूप से परिभाषित करते हुए कहा जो थोड़ी देर महकाए उसे इत्र कहते हैं जो मुसीबत में काम आए उसे मित्र कहते हैं। किंतु जो सदा सदा के लिए महकाए उसे चरित्र कहते हैं। उन्होंने कई श्लोकों मंत्रों को उद्धृत करते हुए बच्चों में नैतिक सैद्धांतिक व्यावहारिक मूल्यों को कैसे बढ़ाया जाए इस पर बखूबी प्रकाश डाला।

हमारा खानपान बोलचाल सदाचरण धर्म युक्त तथा दोष मुक्त जीवन ही चरित्र निर्माण में सहायक होता है। यहाँ बच्चे आते वक्त खरहरी लकड़ी समान होते हैं किंतु उत्तम शिक्षक आचार्य गण मात्र सात दिन में उन्हें रंधा लगाकर मुलायम, सुंदर तथा उपयोगी शोकेस की भाँति बनाकर उज्ज्वल धवल संस्कारी चरित्रवान बना परिवार समाज तथा सुखद उन्नत राष्ट्र के लिए तैयार कर देते हैं।

उन्होंने छोटे छोटे बिंदुओं द्वारा समय, अनुशासन तथा ऐश्वर्यवान बनने पर भी जोर दिया। उन्होंने बच्चों को शंका समाधान के द्वारा छह दिन में कितना सीखा उसकी भी परीक्षा की, साथ ही महापुरुषों, देशभक्तों के कार्यों से भी अवगत कराया तथा स्वरचित गीत के माध्यम से भी खेल खेल में खूब आनंद दिलाया तथा अंत में बच्चों को महत्वपूर्ण संदेश भी दिया, जब तुम घर जाओगे तो तुम्हारे पूर्व के व्यक्तित्व से लौटकर के वापिस जाने के व्यक्तित्व में विशेष अंतर नजर आना चाहिए। यज्ञ, योग, वेदमय जीवन तथा ईश, गुरु, मातृ-पितृ, राष्ट्र भक्ति ही सुखी और चरित्रवान राष्ट्र की धरोहर है तथा अपना स्लोगन भी दिया - आओ अपना आप निखारें राष्ट्र सँवारें। युवा नेत्री आस्था आर्या ने कहा कि आशावादी व्यक्ति चुनौतियों को एक अवसर की तरह देखता है और हर परिस्थिति में बेहतर समाधान खोजने की कोशिश करता है। सकारात्मक सोच से मनोबल बढ़ता है, हिम्मत मिलती है और मुश्किल समय में भी आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। जब हम सकारात्मक नजरिए से सोचते हैं, तो चुनौतियाँ हमें कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत बनाती हैं। इसलिए चिंता छोड़कर आशावादी बनें और जीवन की समस्याओं को मुस्कुराते हुए सामना करें।

मुख्य अतिथि पूजा सलूजा व प्रवीन आर्या पिंकी ने बच्चों को जीवन में ऊपर उठने का संदेश दिया। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व महेन्द्र भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रमुख रूप से सुधीर बंसल, राजेन्द्र शर्मा, सौरभ गुप्ता अरुण आर्य, रामकुमार आर्य, अमीर चंद रखेजा, रेणु त्यागी, मीना आर्य, श्याम लाल आर्य ने अपने विचार व्यक्त किए।

शालीमार गार्डन में चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन दिखी सीता-राम विवाह की झांकी, भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शालीमार गार्डन के शिव चौक पर चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथावाचक कृष्ण प्रताप तिवारी ने भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण और सजीव वर्णन किया। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ती गई, समस्त वातावरण भक्तिरस में सराबोर होता गया और श्रद्धालु भावविभोर होकर कथा में लीन हो गए। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

कथावाचक पंडित कृष्ण प्रताप तिवारी द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भक्तिरस में डूबकर थिरकते नजर आए और पूरा पंडाल भक्ति के रंग में रंग गया।

भगवान राम लक्ष्मण को लेकर विश्वामित्र जनकपुर के लिए प्रस्थान किया रास्ते में माता आहिल्या बाई को भगवान राम ने चरण स्पर्श करवाकर शराप से मुक्ति दिलाई और जनक पुर धाम पहुँच गये वहाँ पर दूर दूर से बड़े बड़े योद्धा राजा राजकुमार धनुष यज्ञ में भाग लेने के लियें पहुँचे हुए थे। सभी ने धनुष को उठाने और तोड़ने का पर्याश किया। परन्तु कोई राजा उस धनुष को हिला भी भी सका अंत राजा जनक ने कहा कि भारतवर्ष में कोई ऐसा योद्धा नहीं जो। उस धनुष को तोड़ सके इस चुनोती को स्वीकार करके विश्वामित्र से अनुमति लेकर श्री राम जी धनुष यज्ञ में गये। और धनुष को उठाकर उसकी डोर को खिंचा और धनुष टूट गया। सारे जनकपुर में खुशियाँ की लहर दोड गई। जनक जी ने खुश होकर माता सीता को बुलाया और माता सीता ने वर माला भगवान राम जी के गले में डाल दी सारे विश्व में नजारा बदल गया। देवता आकाश से फूलो की वर्षा करने लगे और राम सीता का विवाह राजा दशरथ के चारों पुत्रों को बुलाकर जनक जी ने अपनी चारों पुत्रियों के साथ विवाह कर दिया।

इस अवसर पर पार्षद राजीव भाटी, निलेश मित्तल, युग गुर्जर, रामबीर शर्मा, रामशरण, बिशु गोपाल दत्त शर्मा, हरी अग्रवाल, ओम प्रकाश शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

ईद का त्योहार मातम में बदला, शराब पीने के विवाद में बड़े भाई ने छोटे को दिया धक्का; सिल बट्टे पर सिर लगने से मौत

लोनी करंट क्राइम। ट्रानिका सिटी थाना क्षेत्र की रामपार्क एक्सटेंशन कॉलोनी में मामूली कहासुनी में भाई ने छोटे भाई को धक्का मार दिया। गिरने के दौरान छोटा भाई का सिर सिल बट्टे में लग गया। माता-पिता उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

रामपार्क एक्सटेंशन कालोनी की अंवारी ने दर्ज एफआईआर में बताया कि उनके चार बेटे हैं। तीसरे नंबर का परवेज और सबसे छोटा जावेद बृहस्पतिवार रात को घर में ही शराब पी रहे थे। इस दौरान घरेलू बातों पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गाली गलौज कर दोनों में मारपीट हो गई। परवेज ने जावेद को धक्का दे दिया। वह गिर गया और पास में रखे सिल बट्टे पर उसका सिर लग गया। वह लहूलुहान हो गया।

शोर शराबा सुनकर वह और उनके पति मौके पर पहुंचे। घायल बेटे को लेकर अस्पताल गए। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर रात अंवारी की ओर से ट्रानिका सिटी थाने में बेटे परवेज के खिलाफ शिकायत की। शनिवार को पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज की।

> घरेलू बात पर दोनों भाइयों में कहासुनी के बाद मारपीट हुई थी। धक्का लगने से गिरकर जावेद का सिर सिलबट्टे में लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मां की शिकायत पर आरोपित बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।
>
> – सिद्धार्थ गौतम, सहायक पुलिस आयुक्त, लोनी

ईद की खुशियां मातम में बदलीं

शनिवार को ईद थी। इसको लेकर घर में तैयारियां भी चल रहा थीं। लेकिन शराब के नशे में परवेज और जावेद दोनों में विवाद इस कदर बढ़ा कि दोनों में मारपीट हो गई। मां अंवारी का रो रोकर बुरा हाल था। उनका कहना था कि घर ही उजड़ गया। त्योहार पर घर में मातम पसर गया।

पार्षद खुर्शीदा कल्लन बेगम ने कार्यालय में ईद-उल-अजहा का त्योहार हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 34 की पार्षद खुर्शीदा बेगम व पूर्व पार्षद हाजी मोहम्मद कल्लन ने शहीद नगर स्थित अपने कार्यालय पर लोगों के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। उन्होंने कहा कि मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह नमाज अदा की गई, जिसमें लोगों ने देश और दुनिया में शांति, एकता और समृद्धि की दुआएं मांगी। नमाज के बाद समुदाय के लोग एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक की शुभकामनाएं देते नजर आए। इसके बाद कुबार्नी की रस्म पूरी की गई, जो पैगंबर इब्राहिम के बलिदान की भावना को दशार्ती है। यह ईद सभी के जीवन में खुशियां लाए। उन्होंने अल्लाह से सभी के लिए सुख-समृद्धि की दुआ की।

हाजी मोहम्मद कल्लन ने कहा कि भारत अनेकता में एकता का प्रतीक है। यहां सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं। ईद का यह पावन अवसर आपसी भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। पुर्व पार्षद ने सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की दिली मुबारकबाद दी। इस अवसर पर दानिश, समीर, अजीम, नोम्मान, हाजी मसूद, मनवर, तजिन आदि लोग

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता की ये सबसे बड़ी खूबी है कि वो चाहे सरकार में हों या कार में हों, लेकिन वो हमेशा परमात्मा का उपकार नहीं भूलते। वो अपनी जीवन शैली में परोपकार नहीं भूलते। अपने बड़े बुजुर्गों को नहीं भूलते और अपने परिवार को नहीं भूलते। समरकूल परिवार में वीवीआईपी नंबर के साथ एक और कार शामिल हुई। संजीव गुप्ता ने कार की इस खुशी को साझा किया और ये बताया कि कार आई है माता रानी की कृपा और बड़ो के आशीर्वाद से। हमें से अपने परिवार में शामिल कर रहे हैं। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।